ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण कृष्ण पक्ष 08 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 09 अगस्त 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 187 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'हड्डी' ओटीटी ... पेज 12 पर





झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

## उद्‌घाटन समारोह

# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

समृद्ध **आदिवासी जीवन दर्शन** की झलकियां

## मुख्य आकर्षण

**जनजातीय इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां**
आदिवासी अर्थव्यवस्था, आदिवासी इतिहास, आदिवासी ज्ञान और मानवविज्ञान, आदिवासी साहित्य

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**
- आंध्र प्रदेश का कोम्मु कोया नृत्य
- ओडिशा का परोजा नृत्य
- राजस्थानी वालार नृत्य
- केरल का पालियन नृत्य
- सरायकेला का छऊ नृत्य
- नागपुरी लोक नृत्य
- पाइका नृत्य
- उरांव समुदाय का लोक नृत्य
- गोंड आदिवासी समुदाय का किहो नृत्य
- कर्नाटक का दमनी लोक नृत्य
- अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य
- असम का का लेवा टाना एवं बिहू नृत्य
- गुजरात का सिद्धी धमाल नृत्य

**राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर**
गोंड पेंटिंग, वारली पेंटिंग, सउरा पेंटिंग और झारखण्ड की समकालीन पेंटिंग

**आदिवासी फिल्म महोत्सव**
कैमरा से कविताई

**परिधान फैशन शो**
आदिवासी परिधान का प्रदर्शन

**खान-पान**
आदिवासी व्यंजन

मुख्य अतिथि
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय **अध्यक्ष, राज्य समन्वय समिति**
सह **सांसद, राज्यसभा**

**अध्यक्षता**
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय **मुख्यमंत्री, झारखण्ड**



9 अगस्त 2023

**समय: अपराह्न 12:00 बजे से**

**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**

PR No. 304244 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

# बच्चों ने धैर्य के साथ अपने प्रश्नों के दिये उत्तर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रतियोगिता के प्रश्न कठिन थे फिर भी बच्चों ने धैर्य से प्रश्नों के उत्तर दिए और अपना उत्साह बनाए रखा। बच्चों ने केवल ज्ञान ही नहीं प्राप्त किया बल्कि संकलित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देने का भी आनंद उठाया। विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा ने परिणामों की घोषणा की तथा उनकी शानदार सफलता पर बधाई दीं। छात्रों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित कीं। उन्होंने आगे कहा कि आज ही के दिन भारत छोड़ो आंदोलन का शुरूआत हुआ था। भारत छोड़ो आन्दोलन, द्वितीय विश्वयुद्ध के समय 8 अगस्त 1942 को आरम्भ किया गया था। उस आन्दोलन का लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। यह आंदोलन अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मुम्बई अधिवेशन में शुरू किया गया था। इस प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व शिक्षिका डॉक्टर सुषमा दीक्षित कर रहीं थीं।

विजेता प्रतिभागियों के नाम निम्नवत हैं :

प्रथम - वायु सदन : 1.गिन्नी पुरोहित 2.प्रिंसी 3. मनस्वी 4. प्रणव राज 5.प्रणव भगत 6. प्रथम वैभव रहे।

द्वितीय - आपस सदन : 1. काजल महतो 2.सुहाना शिखा, 3.सौम्या, 4. शौर्य सिन्हा, 5.अग्निवेश, 6.मोहित राज रहे।

पृथ्वी सदनः 1. प्रियांशी 2.राजश्री 3.मानसी सिंह 4.अनमोल अरुण 5.ईशान कश्यप 6.कुमार दिव्यांशु रहे।

तृतीय - तेजस सदन 1.आराध्या सिन्हा2. आशी कुमारी झा 3.अर्पिता सिंह 4.आदर्श मिश्रा 5.आरव जयसवाल 6. अभिज्ञान केशरी रहे।

उपर्युक्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्य देव जी ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए।

# डीसी के निर्देश पर अवैध शराब अड्डों के खिलाफ हुई छापामारी

**नवीन मेल संवाददा। रांची**
लगातार चौथे दिन रांची जिला में अवैध शराब अड्डों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला आबकारी टीम ने मंगलवार को रातू, सुखदेव नगर, जगन्नाथपुर एवं एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में छापेमारी की। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निदेर्शानुसार कार्रवाई करते हुए जिला आबकारी टीम ने अवैध शराब जब्त करते हुए इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जिला आबकारी टीम द्वारा रातू थाना क्षेत्र के ऊपर टोली कमड़े, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ टोली हेहल, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के सैटेलाइट चौक और एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेथु में छापेमारी की गई। कार्रवाई में पहाड़ टोली एवं सेटेलाइट चौक से 02 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि ऊपर टोली एवं हेथू से फरार तीन लोगों के खिलाफ ऋक्रफ दर्ज किया गया है। इस दौरान 200 केजी जावा महुआ और 96 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया गया। आपको बतायें कि गत दिनों में जिला आबकारी टीम ने रांची एयरपोर्ट के पीछे चंदाघासी ग्राम, जगन्नाथपुर, धुर्वा, भुसूर, लोवाडीह, इटकी, पिस्का और बेड़ो के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध तरीके से चल रहे शराब अड्डे के खिलाफ कार्रवाई की है।

### बीएयू में आज मनेगा विश्व आदिवासी दिवस



**रांची।** कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में हरेक वर्ष की भांति रांची। बुधवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा शोभा यात्रा,झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। मुख्य कार्यक्रम प्रातः 11.00 बजे से विश्वविद्यालय के मेला प्रांगन में रखा गया है। इस समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री, बंधु तिर्की, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांके विधायक समरीलाल एवं मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करेंगे। सोमवार शाम कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने मेला मैदान में समारोह की तैयारी का निरीक्षण किया और जरुरी निर्देश प्रदान किये। कुलपति के आदेशानुसार निदेशक प्रशासन डॉ सुशील प्रसाद ने विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर बुधवार 9 अगस्त को विश्वविद्यालय अधीनस्थ सभी संकाय, निदेशालय, महाविद्यालय, कार्यालय एवं ईकाईयो को खुली रखने की अधिसूचना जारी की है। साथ ही सभी वरीय पदाधिकारीगण, प्राध्यापकगण, शिक्षकगण, वैज्ञानिकगण, कर्मचारीगण एवं आकस्मिक कर्मचारीगण के अलावा विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

# झारखंड में लंपी वायरस की दस्तक, लोहरदगा में हुई पुष्टि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में लंपी वायरस ने फिर से दस्तक दे दी है। लोहरदगा जिले में कई जगहों पर इस वायरस की मौजूदगी के निशान मिले हैं। इसको लेकर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान मवेशियों से सैंपल एकत्र किये गए हैं, जिनकी जांच भोपाल में करायी जाएगी। जांच के बाद ही कुछ भी स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा। लंपी बीमारी मच्छर या खून चूसने वाले कीड़ों से मवेशियों में फैलती है। ये स्किन डिजीज वायरस से होने वाला संक्रामक गांठदार त्वचा रोग है। ये मवेशियों में ज्यादातर गाय, भैंस को होती है। संक्रमित होने के दो-तीन दिनों के अंदर मवेशी को हल्का बुखार आता है। फिर शरीर पर गांठदार दाने निकल आते हैं, जिसके बाद कुछ गांठ घाव में बदल जाते हैं। मवेशी की नाक बहती है। पैरों में सूजन व मुंह से लार आता है तथा दूध कम हो जाता है। गर्भावस्था में इससे मवेशी को मिस कैरेज हो सकता है। इसके अलावा उनकी त्वचा को स्थायी नुकसान भी हो सकता है। इससे प्रभावित मवेशियों में मृत्यु दर लगभग पांच प्रतिशत है। इसमें एलएसडी (गोट पॉक्स) वैक्सीन का इस्तेमाल किया जाता है। इस वेक्सीन का टीकाकरण किया जाता है। फिलहाल तो पर्याप्त मात्रा में ये उपलब्ध है। उम्मीद है इससे नियंत्रित कर लिया जाएगा। चूंकि लंपी स्किन डिजीज अधिक तापमान और नमी में तेजी से और अधिक आसानी से फैलता है। इसलिए बारिश के सीजन को देखते हुए इसके फैलाव की आशंका जताई गई है।

### आवासीय विद्यालय में छात्रों का हुआ आई फ्लू संक्रमण की जांच

# 20 छात्रों में पाये गये लक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य क्षेत्रों में तेजी से फैल रहे आई फ्लू संक्रमण की बीमारी की रोकथाम और जागरूकता को लेकर मंगलवार को स्वास्थ्य सहिया सह पंचायत समिति सदस्य राखी भगत के पहल पर बेड़ो बारीडीह आवासीय विद्यालय में आई फ्लू संक्रमण की रोकथाम हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आवासीय विद्यालय के लगभग 50 छात्रों का चिकित्सकों ने जांच किया, जिनमें से लगभग 20 छात्रों में आई फ्लू संक्रमण के शुरूआती कुछ लक्षण पाए गए हैं। इधर जांच शिविर के दौरान डॉक्टर कुसुमलता सिन्हा ने विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच आई फ्लू संक्रमण की रोकथाम को लेकर आई ड्रॉप और टेबलेट दवा का वितरण किया। जहां मौके पर स्वास्थ्य सहिया सह पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने कहा कि आई फ्लू संक्रमण बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए सावधानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोगी के संपर्क में आने एवं उनके सामनों का उपयोग करने से यह बीमारी हो सकता है। वही डॉ कुसुमलता सिन्हा ने बताया कि आई फ्लू संक्रमण की बीमारी स्वता दवा लेने के बाद ठीक हो रही है इससे आम जनों को घबराने की जरूरत नहीं है। मौके पर स्वास्थ्य सहिया सह पंचायत समिति सदस्य राखी भगत भाजपा नेता सह जिला परिषद प्रतिनिधि जगरनाथ भगत स्वास्थ्य टीम के मुरारी सेनगुप्ता आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापिका शिक्षक फिलिस्ता एक्का, वसी अख्तर, अभिराम पाठक, अमरेश पांडे, मनोज मुंडा, महावीर बड़ाइक, रौनक कुमार, रामचंद्र साहू समेत कई लोग मौके पर मौजूद थे।

### चाईबासा में पांच नक्सली गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में जय सिंह अंगरिया उर्फ राउतु अंगरिया, मदन अंगरिया, अभिषेक हंसदा उर्फ मटलू उर्फ चौड़े, सुकलाल बानरा उर्फ चाड़ा और मोने तियू शामिल हैं। सभी नक्सली चाईबासा जिले टोटो और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ ने अभियान के दौरान पांचों नक्सली को गिरफ्तार किया है। हालांकि, कुछ नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। गिरफ्तार पांचों नक्सलियों के कब्जे से हथियार सहित कई समान बरामद हुआ है। पकड़े गए इन नक्सलियों से पूछताछ की जा रही है।

### डाक बम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड के विभिन्न गांवों असुरकोड़ा, लोदमू, लोसेरा तथा कुटाम से सावन मास के पवित्र महीना में बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए मुरी से सुल्तानगंज के लिए कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। कांवड़ियों ने बताया कि सुल्तानगंज से जल उठाकर डाक बम बनकर हम लोग बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाएंगे। जत्था में लखीराम माझी, चितरंजन मंडल, धीरेंद्र महतो, नवीन कुमार महतो, सचिन महतो, मनोज महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, मजेन्द्र महतो, विमल महतो, सुनील महतो, केशव महतो, बबलू महतो, दीपक महतो, कालीचरण महतो, कुंजु महतो, प्रदुम महतो, विष्णु महतो तथा प्रकाश महतो शामिल हुए।

### मोबाइल चोरी करते पकड़ाए नाबालिग को भेजा रिमांड होम

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने मोबाइल चोरी करते हुए एक नाबालिग को पकड़कर मंगलवार को बाल सुधार गृह भेज दिया है। नाबालिग कठिहार का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि नाबालिग मंगलवार की सुबह धुर्वा शालीमार बाजार के पास एक युवक के पॉकेट से मोबाइल निकाल रहा था। इसी दौरान युवक ने उसे पकड़ लिया और धुर्वा पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी नाबालिग ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।


### हाई कोर्ट ने राजू गोप के केस का ट्रायल तीन महीने में पूरा करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने कुख्यात अपराधी राजू गोप की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई के बाद निचली अदालत के एक फैसले को रद्द करते हुए तीन महीने में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया। मंगलवार को न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में राजू गोप की याचिका पर सुनवाई हुई। रांची की निचली अदालत ने 23 अगस्त, 2021 को राजू गोप के खिलाफ आरोप तय किये थे। राजू गोप के खिलाफ रांची समेत अन्य जिलों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। राजू गोप की ओर से अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने बहस की।

### खिड़की लगाने का झांसा देकर युवक से तीन लाख की ठगी, केस दर्ज

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर चूना भट्ठा निवासी नवीन सिंह से खिड़की लगाने के एवज में करीब तीन लाख की ठगी कर ली है। पैसा वापस मांगने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। इस संबंध में नवीन ने सानू गाड़ोदिया के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। नवीन ने पुलिस बताया कि उनका कोकर में घर बन रहा था। मार्च 2022 को सानू उनके निमार्णाधीन मकान में आया और खिड़की-दरवाजा लगाने की बात की। 5.77 लाख रुपए में खिड़की-दरवाजा का रेट तय हुआ। कुल राशि मे से आरोपी ने उनसे 2.80 लाख रुपए एडवांस के तौर पर लिया। राशि लेने के बाद उसने न तो काम किया और न ही पैसे ही लौटाए। दबाव बनाने के बाद आरोपी ने पैसा देने से इंकार कर दिया। इसके बाद वह सीधे सदर थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बरसात में कीचड़ भरे रास्ते में चलने को मजबूर हैं मुड़कट्टी गांव के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के खुखरा पंचायत के मुड़कट्टी गांव में कच्चे रास्ते में कीचड़ व गंदगी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वर्षा होने के साथ ही लोगों की मुश्किले भी बढ़ गई है। वहीं कई ऐसे गांव भी है जहां सड़के न होने की वजह से लोगों को परेशानी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में सड़क नहीं बनने से लोगों को मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कच्चे रास्ते को अभी तक पक्का नहीं किया गया है। जिससे यह समस्या पैदा हो रही है। समस्या काफी पुरानी है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बरसात के दिनों में गांव की स्थिति बद से बदतर बन जाती है। कीचढ़ युक्त रास्ते से गांव के लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चे, महिलाओं व बुजुर्गों को हो रही है। उन्हें आए दिन कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। गांव का मुख्य रास्ता होने से प्रतिदिन गांव के लोगों का आना जाना रहता है। गांव के लोगों का कहना है कि यह रास्ता गांव का मुख्य मार्ग है, लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।ग्रामीणों का कहना कि प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को गांव में आकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए। तभी जाकर गांव के हालातों के बारे पता लगेगा।

# आज प्लाजा चौक से न्यूक्लियस चौक तक वाहनों का परिचालन रहेगा बंद

**रांची। वरीय संवाददाता**
विश्व आदिवासी दिवस को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत बुधवार को प्लाजा चौक से न्यूक्लियस मॉल चौक तक वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहेगा। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नौ और दस अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवगत पर पुराना जेल परिसर स्थित संग्रहालय में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक रूट में आंशिक बदलाव किया गया है।

ऐसी होगी यातायात व्यवस्था
प्लाजा चौक से न्यूक्लियस मॉल चौक तक सामान्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। उस इलाके में रहने वाले लोगों को बंद से छूट रहेगी।
चडरी तालाब से जेल चौक तक वाहनों का प्रवेश अवश्कतानुसार बंद रहेगा। कार्यक्रम में भाग लेने वालों को ही उस मार्ग में जाने दिया जाएगा।
करमटोली चौक से जेल मोड़ तक सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

**यहां होगी पार्किंग की व्यवस्था**
कार्यक्रम में बस से आने वाले लोगों करमटोली चौक तक आ सकेंगे और वहां पर उतरकर बस मोरहाबादी स्थित पार्किंग स्थल में लगाएंगे।
कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोग ट्रेकर स्टैंड के सामने बिरसा मुंडा संग्रहालय के अंडर ग्राउंड पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।
ट्रेकर स्टैंड और पुलिस मेंस एसोसिएशन कार्यालय मैदान में भी पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

**जमीन धंधा**

## रांची शहर में अपराधियों का पसंदीदा कारोबार बना जमीन

# माफिया के साथ मिलकर चला रहे प्रोजेक्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में अब अपराधियों ने भी जमीन के प्रोजेक्ट में निवेश करना शुरू कर दिया है। हालांकि यह कोई नई शुरूआत नहीं है ,लेकिन अब सुपारी किलर का काम करने वाले अपराधी भी जमीन के धंधे में जबरदस्त मुनाफा को देखते हुए इस कारोबार में किस्मत आजमाने लगे है ,नतीजा जमीन को लेकर खून खराबे की नौबत अक्सर सामने आ जाता है।

**बड़े से लेकर छोटे अपराधियों का है प्रोजेक्ट**
राजधानी रांची में एक समय में कुख्यात रहे और जमानत पर छूट चुका हर अपराधी किसी न किसी रूप में जमीन के धंधे में शामिल है। हत्या लूट रंगदारी जैसे घटनाओं को अंजाम देने में रिस्क बना रहता है , ऐसे में अपराधियों ने भू माफियाओं से सांठगांठ कर जमीन के धंधे को अपना लिया। अधिकांश अपराधी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जमीन के धंधे में जुड़े हुए हैं । दरअसल पहले जो अपराधी भू माफियाओं के इशारे पर अपराधी घटनाओं को अंजाम देते थे वहीं अब भूमाफियाओं के साथ जमीन के कारोबार में पार्टनर बन गए। तो हत्या कर देना इन अपराधियों का काम है। इसके बदले उन्हें पैसे के साथ-साथ सुपारी के रूप में जमीन भी मिल रही है। साल 2023 में राजधानी में हुए 5 से अधिक सनसनी खेल हत्या के वारदातों में शामिल अपराधियों को न सिर्फ सुपारी के रूप में लाखों रुपए मिले बल्कि उन्हें जमीन भी मिला। भूमाफियाओं ने अपराधियों को छोटे-छोटे जमीन पर काम करने का अवसर भी दिया।

**कमल भूषण से लेकर माकपा नेता की हत्या सबके पीछे जमीन**
रांची के बड़े जमीन कारोबारी कमल भूषण , कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह , माकपा नेता सुभाष मुंडा , कुख्यात अपराधी कालू लामा ,सूरज महली ,मो फिरोज उर्फ रिंकू यह सभी उन प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम हैं जिनकी हत्या पिछले एक साल के भीतर खुलेआम और बेखौफ होकर अंजाम दिया गया। वैसे तो जमीन कारोबार को लेकर पिछले एक साल कई हत्या के मामले सामने आए लेकिन यह मामले इसलिए विशेष है क्योंकि इनमें हत्या की सुपारी लेने वाले अपराधियों का भी कहीं ना कहीं जमीन के कारोबार में लिंक था। कमल भूषण की हत्या जमीन कारोबार में पैसे के लेनदेन को लेकर ही करवाई गई थी, वहीं उनके अकाउंटेंट की हत्या भी इसी वजह से की गई। माकपा नेता सुभाष मुंडा को बबलू पासवान नाम के कुख्यात अपराधी ने अपने दो शूटरों के साथ मिलकर मार डाला था। हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता छोटू ने बबलू पासवान को जमीन के कारोबार में शामिल किया था जिसमें वह मुनाफा भी कमा रहा था हत्या के एवज में उसे 15 लाख रुपये के साथ-साथ एक कीमती जमीन का टुकड़ा भी मिला। छोटू के साथ मिलकर बबलु पासवान रांची के नगड़ी और रातू इलाके में जमीन का काम शुरू कर चुका था। बबलू पासवान के जैसे कई ऐसे हिस्ट्रीशीटर हैं जिनके ऊपर एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं और वे जमीन के कारोबार में शामिल हो चुके हैं। ऐसे लोग आदतन अपराधी हैं और उनके लिए हत्या की वारदात को अंजाम देना बेहद आसान काम है।

### तुपुदाना का इलाका जमीन कारोबारियों की गिरफ्त में है

रांची शहर में हर तरफ जमीन कारोबारियों का आतंक है।पूरब में नामकुम, ओरमांझी, टाटिसिल्वे, पश्चिम में रातू, नगड़ी, उत्तर में कांके, पिठोरिया और दक्षिण में हटिया, जगन्नाथपुर, तुपुदाना का इलाका जमीन कारोबारियों की गिरफ्त में है। इन इलाकों में कई बड़े गैंगस्टर और कुख्यात अपराधियों के भी लैंड प्रोजेक्ट चल रहे है, कब्जा ,दावेदारी और कमीशन के विवाद में हत्या आम बात हो गई है। रांची के कुख्यात अपराधियों का जमीन के धंधे से संबंधित प्रोजेक्ट चल रहा है। जानकारी के अनुसार कुख्यात बिट्टू मिश्रा नगड़ी, पंडरा, रातू सहित अन्य इलाकों की जमीन के धंधे में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। जबकि जेल में बंद गेंदा सिंह की जमीन कांके रोड और हटिया इलाके में है।गैंगस्टर सुजीत सिन्हा हटिया, कांके के संग्रामपुर, रातू और नगड़ी इलाके की जमीनों पर कब्जा दिलाने का कई ठेका ले रखा है।कई जगहों पर खुद की जमीन का प्रोजेक्ट भी चल रहा है जिसमें इनके गिरोह से जुड़े सदस्य काम कर रहे हैं। कुख्यात संदीप थापा का भी रांची के रातू और नगड़ी इलाके में बड़े-बड़े लैंड प्रोजेक्ट चल रहे हैं।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।**

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा क्रमांक 1 का वित्तीय वर्ष 2023–24 (1 सितम्बर से 31 मार्च 2024 तक) के लिए बन्दोवस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक **23.08.2023** को **1.00** अपराह्न बजे से निगम सभागार में आयोजित की जायेगी।

| क्रम | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | त्रिमूर्ति चौक के पास वाहन पड़ाव | 2023–24 | 50,000/– | 10,000/– |

– डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगर निगम, हजारीबाग के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
– किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
– सफल डाकवक्ता द्वारा बिना नगर निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।
– डाक की शेष नियम एवं शर्त्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग।
PR 304304 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

**SECTION-1**
**(NOTICE INVITING QUOTATION)**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, GUMLA, 835207**
**Email ID-eenhgumla-Jhr@nic.in**
**(EXECHANGE BUILDING, GUMLA)**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION(1st Call)**

Quotation Ref. No:-**NH/Gumla/ Quot/ 01/2023-24**Date **07-08-2023**

**Name of Work**:- Hiring of Commercial Vehicles of Two (02) numbers, Inova Crista (one) & Scorpio(one) vehicle on monthly hire basis for Executive Engineer, National Highway Division, Gumla Jharkhand-Reg.

Time Period: Six (06) months likely to be extendable up to a maximum period for One (01) years and on same terms and conditions.

Sealed Quotation are hereby invited from established, experienced and reputed individuals, firms/ organizations and other agencies having adequate experience in execution of such works.

The blank BOQ and terms & conditions for the above may be obtained from the office of the undersigned on any working day from **16-08-2023** to **23-08-2023** upto 01:00 PM between office hours by submitting a copy of online receipt towards payment of cost of document of Rs. 1000/- (Rupees One thousand only/-) on NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/ministryinfo.aspx through pay & Account Office Code 034756PAO(NH)-Kolkata and Drawing & Disbursing office(DDO)code:202122-Regional officer, Ministry of Road Transport Highways.

The duly filled quotation in sealed envelope can be submitted in the office of the undersigned up to 03:00 PM on **24-08-2023** The quotation will be opened on **24-08-2023** at 03:30 PM in the presence of intending bidders or its authorized representatives, who choose to remain present.

This office reserves the right to reject all Quotations and cancel the Quotations without assigning any reasons.

Detailed Terms & Conditions can be seen on office notice board.

For any queries contact:**- 9006464552/ 7004039671.**

Sd/-
Executive Engineer
National Highways Division, Gumla.

PR 304251 (Road) 23-24 (D)

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 09 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 187 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'हड्डी' ओटीटी ... पेज 12 पर



## फिल्म फेस्टिवल में झारखंड की परंपराओं को जानने का मौका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अनूठी कहानियों, परंपराओं, संघर्षों, दर्शन और इतिहास को करीब से जानने और समझने का अवसर झारखंड आदिवासी महोत्सव - 2023 के फिल्म फेस्टिवल में मिलेगा। जनजातीय फिल्म महोत्सव का उद्देश्य झारखंड के फिल्म निमार्ताओं, कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करना और आदिवासी समुदायों को एक साथ एक मंच पर लाकर झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। साथ ही आदिवासी समुदाय के ज्वलंत मुद्दे और कथाएं सिनेमा के माध्यम से उजागर हो सकेंगी।

आदिवासी फिल्म महोत्सव राज्य की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक अवसर है, जिन्हें ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर आदिवासी फिल्मों की स्क्रीनिंग से मुख्यधारा के सिनेमा में संवाद के लिए जगह बनेगी और ऐसे जरूरी विषयों पर फिल्में बनाने के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा।

### इन फिल्मों का होगा प्रदर्शन

**फिल्म** महोत्सव में निर्माता दशरथ हांसदा द्वारा निर्मित फूलमुनी, दीपक बारा की द अगली साइड ऑफ ब्यूटी, दीपक के बेसरा की मोहोत, निजाम की छैला संधु, मेघनाथ की नाची से बांची, बिजु टोप्पो की मुंडारी सृष्टिकथा, अनुज वर्मा की चेरो, एनपीके पुरुषोत्तम की बंधा खेत, प्रियंका पूर्ति की हॉनर्टन रिमिल, रूपेश साहू की रैट ट्रैप इत्यादि जनजातीय फिल्मों के माध्यम से झारखंड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर प्राप्त होगा।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने जारी किया समन, 14 को बुलाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने दूसरा समन जारी करते हुए पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया है। इस बार जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को 14 अगस्त को ईडी के दफ्तर बुलाया है।

सूत्रों के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए दूसरी बार ईडी के द्वारा समन जारी किया गया है। इससे पहले 17 नवम्बर 2022 को ईडी के समन पर सीएम ईडी दफ्तर पहुचे थे ,उस दिन सीएम से ईडी ने लंबी पूछताछ की थी। अब ठीक 9 महीने के बाद सीएम को ईडी ने दूसरा समन जारी किया है।



### कैसे आए सीएम हेमंत सोरेन ईडी की नजर में

6 मई 2022 को ईडी ने मनरेगा घोटाले में राज्य की तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को 19.41 करोड़ मिले थे। जांच के बाद ईडी ने बताया था कि शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को होगी। प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मंजूरी दी जाएगी। राज्य में कई जलापूर्ति योजनाओं की भी स्वीकृति दी जाएगी। इसके अलावा सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं की भी मंजूरी मिलेगी। बैठक संबंधी सूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में जारी कर दी है और सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है।

### आईएएस छवि रंजन की बेल याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में मंगलवार को रांची के बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भूमि घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने छवि रंजन की याचिका खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है।

### विधायक शशिभूषण मेहता समेत चार बरी

**पलामू।** जिला व्यवहार न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने मंगलवार को एक मामले में पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, राजकमल मेहता, इम्तेयाज अहमद नाजमी व मो आजाद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

### दाहू यादव की अग्रिम बेल याचिका पर सुनवाई 14 को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में आर्म्स एक्ट एवं हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित दाहू यादव उर्फ राजेश यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका को इस मामले से जुड़े अन्य आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका के साथ संलग्न करते हुए अगली तिथि 14 अगस्त निर्धारित की है।

### शहीद निर्मल महतो के 36 वें बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोले सीएम

# बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्तियां

### राज्य की भूमि ने कई कुर्बानियां दीं

### हर दरवाजे पर पहुंच रही है सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार हर वह काम कर रही है, जो राज्य की जनता के मान-सम्मान और हक-अधिकार से जुड़ा है। हर चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी प्रतिबद्धता है। वे मंगलवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 36वें बलिदान दिवस के अवसर पर उलियान, जमशेदपुर में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक झारखंड रहेगा, शहीद निर्मल महतो अमर रहेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुछ ऐसी चीजें हैं जो यहां के इतिहास में पत्थर की लकीर बन चुकी है । उन्हीं में से एक हैं शहीद निर्मल महतो। यह दिन एक ऐसा दिन है जब हमने एक ऐसे व्यक्तित्व को खोया था, जिनकी जगह कोई भी नहीं ले सकता। उन्होंने अपनी जिंदगी का जो भी वक्त झारखंड अलग राज्य के संघर्ष में दिया, उसे कभी भूल नहीं सकते हैं। वे सही अर्थों में झारखंडियों के मार्गदर्शक थे। कुशल संगठन और नेतृत्वकर्ता थे। उनके निर्णय लेने की क्षमता अद्भुत थी। उनके जो आदर्श हैं, उसे लेकर हम आज भी उन्हें जिंदा रखे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए यहां के आदिवासियों-मूलवासियों ने लंबा संघर्ष और आंदोलन किया। अनगिनत कुर्बानियां दी गई लेकिन अलग राज्य बनने के बाद पिछले 20 वर्षों में उनके बलिदान को राज्य में जो सम्मान और जगह मिलनी चाहिए थी, वह शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड : भ्रष्टाचार के मामले में 37 इंजीनियरों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सिंचाई योजनाओं में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के मामलों में 37 इंजीनियरों पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर विभाग ने ऐसे इंजीनियरों को चिन्हित कर लिया है। इनमें कई ऐसे हैं, जिनके खिलाफ वर्षों से जांच चल रही है। कुछ पर आरोप तय हो चुके हैं। कुछ के खिलाफ राशि रिकवरी के आदेश भी जारी किए गए हैं। जिन इंजीनियरों पर कार्रवाई होनी है, उनमें 15 से ज्यादा इंजीनियर रिटायर हो चुके हैं। जांच में भ्रष्टाचार के आरोप प्रमाणित होने पर उनसे राशि की रिकवरी की जाएगी। राज्य में जल संसाधन विभाग के कई इंजीनियर दूसरे विभाग में योगदान दे रहे हैं। सीएम ने उनकी भी सूची मांगी है, जिनका मूल विभाग जल संसाधन है। विभाग की ओर से जांच में सामने आया है कि एक दर्जन से ज्यादा योजनाओं के टेंडर, एस्टीमेट से लेकर उन्हें धरातल पर उतारने के नाम पर कई गड़बड़ियां हुई. रांची, खूंटी, लोहरदगा, जमशेदपुर, सिमडेगा, जामताड़ा सहित कई जिलों में इस तरह की गड़बड़ियां पकड़ी गई हैं। इसके पहले 50 से ज्यादा आरोपी इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। कई के इन्क्रीमेंट, प्रमोशन रोकने से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर अंतिम सहमति के लिए विभागीय मंत्री को सूची भेजी जा रही है।

## डीएसपी व दारोगा पर गोली चलाने के आरोपी रवि मुंडा ने किया सरेंडर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) में पदस्थापित डीएसपी नीरज और पतरातू थाना के दारोगा सोनू साव पर गोली चलाने के आरोपित रवि मुंडा ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात शर्मा की अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। अधिवक्ता संतोष कुमार साहू और वरुण कुमार ने रवि मुंडा को सरेंडर करवाया। उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को अपराधी अमन साहू गिरोह के शूटर को पकड़ने गए एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और पतरातू थाना के दारोगा सोनू साव को अपराधियों ने गोली मार दी थी। मामले में अन्य आरोपितों सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी और रंजन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## 5 सितंबर को होगा डुमरी उपचुनाव मतगणना आठ को

**रांची।** भारत चुनाव आयोग ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कर दी है। पांच सितंबर को उपचुनाव होगा और आठ सितंबर को मतगणना की तारीख तय की गई है। 10 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होगा। 17 अगस्त को नॉमिनेशन होगा। 21 अगस्त तक नॉमिनेशन वापस लेने की तारीख रखी गई है। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का छह अप्रैल को निधन हो गया था। उन्होंने चेन्नई में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली थी। डुमरी विधायक जगरनाथ महतो के निधन के बाद यह सीट खाली हुई है।

## हाईकोर्ट ने निवेशकों की राशि लौटाने के लिए कमेटी बनाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने चिटफंड कंपनियों में निवेशकों के डूबे पैसों की वापसी कराने के लिए राज्य सरकार को एक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इसके लिए एक कमेटी गठित की जाए। अगर इस दिशा में कार्रवाई नहीं होती है तो कोर्ट मामले में आदेश पारित करेगा। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित कई अन्य लोगों द्वारा चिटफंड कंपनियों में डूबी राशि की वापसी के लिए दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि निवेशकों की राशि वापसी के लिए सीआईडी के आईजी की अध्यक्षता में 6 सदस्यों वाली कमेटी गठित की जा रही है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को नयी कमेटी के संदर्भ में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त निर्धारित की गई है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था।




### लोस चुनाव में जीत के लिए सत्तापक्ष-विपक्ष के नेता होंगे जनता से रूबरू

# सूबे में शुरू होगी सियासी यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से ही सभी राजनीतिक पार्टियां कमर कस चुकी हैं। एनडीए बनाम इंडिया की 2024 में होने वाली चुनावी संघर्ष से पहले यात्रा के माध्यम से सभी दलों के नेताओं ने जनता के बीच जाने का मन बनाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संकल्प यात्रा पर निकलेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी में लगे हैं।



बाबूलाल मरांडी ने यात्रा के पहले गिरिडीह के मधुबन में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को दोहराते हुए झारखंड के 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी लड़ाई परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है। मायावी शक्तियां भेष बदलकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती हैं। इस मंसूबे को नाकाम करते हुए उन्हें कठोर सजा दिलानी है।

बाबूलाल मरांडी राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्र के 81 विधानसभा के लिए यात्रा शुरू करने वाले हैं। इस यात्रा के दौरान बाबूलाल मरांडी जहां राज्य की जनता की समस्याओं से रूबरू होंगे उनका दुख दर्द जानेंगे। जनता के बीच हेमंत सोरेन की झूठ की बुनियाद पर बनी सरकार का पोल भी खोलेंगे। बाबूलाल मरांडी का संकल्प राज्य में सभी 14 लोकसभा सीट पर भाजपा का परचम लहराने का है। इधर, एनडीए का घटक दल आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जहां हल्ला बोल जन पंचायत यात्रा कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस में फिर एक बार प्रदेश स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा 2.0 की तैयारी में लग गयी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और जदयू भी इसी तरह की राजनीतिक यात्रा की तैयारी में लगी है। नेताओं की चुनावी यात्रा से पहले ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। कोई 14 में 14 लोकसभा सीट को जीतने का दावा कर रहा है तो कोई महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की बात कर रहा है।

समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

- आदिवासी इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां
- पैनल चर्चा
- परिधान फैशन शो
- आदिवासी व्यंजन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- कला, शिल्प एवं प्रदर्शनी
- राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर
- आदिवासी फिल्म महोत्सव
- ड्रोन तथा लेजर शो का भव्य आयोजन

मुख्य कार्यक्रम

09 अगस्त 2023 (बुधवार)

| | |
|---|---|
| रीझ-रंग रसिका रैली | अपराह्न 12:10 बजे - 1:00 बजे तक |
| उद्घाटन समारोह | अपराह्न 1:00 बजे - 2:10 बजे तक |
| श्रीमती मोनिका मुंडू का गायन | अपराह्न 2:20 बजे - 3:10 बजे तक |
| झारखण्ड रंगारंग महोत्सव<br>झारखण्ड लोक संगीत, खरवार नृत्य, नागपुरी नृत्य/संगीत और मुंडारी नृत्य | अपराह्न 3:10 बजे - 4:45 बजे तक |
| पद्मश्री मुकुंद लाल नायक द्वारा नागपुरी लोक नृत्य | संध्या 5:00 बजे - 6:30 बजे तक |
| छत्तीसगढ़ से बस्तर बैंड प्रस्तुति | संध्या 6:30 बजे - 7:25 बजे तक |
| बर्षा लकड़ा द्वारा नागपुरी नृत्य प्रस्तुति | संध्या 7:25 बजे - 8:00 बजे तक |



कार्यक्रम स्थल




PR No. 304306 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ श्रद्धापूर्वक आयोजित

# भगवान के दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल रांची के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 62वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का श्रद्धा के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज को विभिन्न फूलों की माला से सजाया गया। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनौली ने महाबली बजरंगबली की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा-गुड़ चना व विभिन्न फलों का भोग अर्पित कर झारखंड राज्य को सुखाड़ से बचाने का निवेदन किया। श्री नारनौली ने श्री रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रवण ढाढंनिया ने चना प्रसाद की सेवा अर्पित की। पाठ वाचकों मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने साथियों के साथ ढोल डफली झाझं करताल आरगेन के सुर ताल के साथ श्री गणेश वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया व करवाया। इसके बाद श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया गया। उपस्थित सभी भक्त जनों ने सामूहिक रूप से पाठ किया। मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी.... से हरमू रोड व श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। बजरंगबली की जय घोष की जा रही थी श्री सुंदरकांड के पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। पाठ समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संकीर्तन किया गया। महा आरती करके भक्त जनों को सभी प्रकार का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरीया श्रवण ढाढंनीया गौरव अग्रवाल मोनु अनिल नारनोली स्नेह पोद्दार श्यामसुंदर जोशी अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

#### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा शनिवार 12 जुलाई को शाम 5:00 बजे से 74वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा रोहित रंजन प्रसाद प्रियतमा रंजन अभिराज यथार्थ राज भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। शनिवार को ही रात्रि 9:30 बजे से कमला पुरुषोत्तमी एकादशी का आयोजन हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में होगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तजनों से श्री श्याम भंडारा व एकादशी कीर्तन में भाग लेने का निवेदन किया है।

# सुब्रतो कप के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के तत्वावधान में आयोजित खेलो झारखण्ड 2023-24 के अंतर्गत प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023-24 के दूसरे दिन दोनों मैदानों में खेले जाने वाले कुल 12 मैचों के परिणामः अंडर 14 बालक वर्ग में एसटीसी देवघर ने पलामू प्रमण्डल को 4-1 से पराजित किया, दक्षिणी छोटानागपूर प्रमण्डल ने उतरी छोटानागपूर प्रमण्डल को 4-1 से पराजित किया, एसटीसी सिमडेगा ने प्रतियोगिता में बड़ा उलटफेर करते हुए एसटीसी गूमला को 2-1 से पराजित कर अगले राउण्ड में प्रवेश किया। अंडर 17 बालक वर्ग में जेएसएसपीएस ने एसटीसी सराइकेला-खरसावां को 3-1 से पराजित कर एवं एसटीसी चाइबासा ने उतरी छोटानागपूर प्रमण्डल को 1-0 से पराजित कर दोनो टीमों ने सेमिफाइनल में प्रवेश किया। अंडर 17 बालक वर्ग के पहले सेमिफाइनल जेएसएसपीएस ने एसटीसी चक्रधरपूर को 4-0 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दूसरे सेमिफाइनल में एसटीसी चाइबासा ने कोल्हान प्रमण्डल को 1-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।
अंडर 17 बालिका वर्ग में पलामू प्रमण्डल ने दक्षिणि छोटानागपूर प्रमण्डल को 1-0 से पराजित किया, एसटीसी गूमला ने एसटीसी हजारीबाग को 2-0 से पराजित किया, एसटीसी दुमका ने उतरी छोटानागपूर प्रमण्डल को 2-0 से पराजित किया। जेएसएसपीएस एवं युवा शक्ति हुटूप रांची के बीच मैच जारी है। कल दिनांक 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर तीनों वर्ग के फाइनल मैच खेले जायेंगे एवं पुरस्कार वितरण समारोह अपराह्न 3 बजे से होगा।

## दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव को लेकर डीसी-एसपी ने की अधिकारियों की ब्रीफिंग



रांची। दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची कौशल किशोर ने प्रतिनियुक्त पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की ब्रीफिंग की। जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में आयोजन स्थल पर ब्रीफिंग के दौरान आला अधिकारियों ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को उनके कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम है, सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदैव तत्पर रहते हुए अपने कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने को कहा।

## राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का गठन, मंत्री मिथलेश ठाकुर बने अध्यक्ष



**रांची।** खेल गांव रांची में 24 से 26 नवंबर तक होने वाली 29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तथा सीनियर थांग-टा चैंपियनशिप के बेहतर आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बाबत मंगलवार को रांची में जल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के आवास पर झारखंड थांग-टा संघ की एक बैठक संपन्न हुई। इसमें चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष मंत्री मिथलेश ठाकुर को बनाया गया है जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद के उप प्राचार्य रेजा इश्तियाक को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा झारखंड थांग-टा संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी एवं महासचिव मनोज शर्मा को बनाया गया है। मनोज आयोजन समिति के सचिव एवं कोषाध्यक्ष होंगे। गढ़वा विधायक प्रतिनिधि संजय चौधरी, पवन बरनवाल, राजेश कुमार चौधरी आयोजन समिति के संयुक्त सचिव होंगे। सके अलावा विभिन्न जिला थांग-टा संघों के सचिव को आयोजन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसमें विनित कुमार यादव (रांची), श्रवण साहू (लोहरदगा), सोनामोती कुमारी (पलामू), सुनील कुमार प्रसाद (पूर्वी सिंहभूम), कृष्णा कुमार साव (धनबाद), संजू कुमार (बोकारो)। शंकर राम (कोडरमा), उदय कुमार (हजारीबाग) तथा उदय शंकर भारती (दुमका) शामिल हैं।

### श्री माहेश्वरी महिला समिति का महारुद्राभिषेक 15 को

**रांची।** श्री माहेश्वरी महिला समिति रांची सावन अधिक मास की शिवरात्रि के अवसर पर 15 अगस्त को सामूहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन करेगी। माहेश्वरी महिला समिति की मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने मंगलवार को बताया कि सेवा सदन के निकट श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजन किया जाएगा। महारुद्राभिषेक के लिए कोलकाता से गोपालजी व्यास के सान्निध्य में शिव मंत्रोंचारण, भजनों और शिव श्रृंगार के साथ यह अभिषेक संपन्न होगा। 15 अगस्त सुबह 9 बजे से महारुद्राभिषेक की पूजा शुरू होगी। 51 जोड़ों के लिए पार्थिव शिवलिंग के साथ पूर्ण पूजा की तैयारी महिला समिति की ओर से की जा रही है। अभिषेक में शामिल होने के लिए पहले से पंजीकरण करवाना होगा।

### उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

# नये नाम सूची में जोड़ने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची द्वारा आज दिनांक-08 अगस्त 2023 को समाहरणालय भवन ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष प्री रिवाइजन एक्टिवीटी से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड गीता चौबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 58 तमाड़ सह अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, राजेश कुमार साव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 61 सिल्ली- सह अपर समाहर्त्ता रांची, राजेश कुमार बरवार एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 62 खिजरी सह अपर समाहर्ता (नक्सल) राम वृक्ष महतो, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची-सह अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, दीपक कुमार दुबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 66 मांडर सह-विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, अल्बर्ट बिलुंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, विवेक कुमार सुमन एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर एवं संबंधित सभी अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड, रांची द्वारा निर्गत निदेशों का विस्तार पूर्वक विश्लेषण करते हुए कहा कि चुनाव कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तीन महत्वपूर्ण स्तम्भ होते हैं। (1) राजनीतिक दल,(2) भारत निर्वाचन आयोग (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, एवं (3) आम नागरिक। इन तीनों की भूमिका मतदान में महत्वपूर्ण होती जो मतदान को सफल बनाती हैं।

#### बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करें

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करें। उन्हें प्रत्येक घर पर दो बार भ्रमण करते हुए बीएलओ स्टीकर चस्पा करना हैं, जिसमें नए मतदाता जिनकी आयु 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हैं। वे अपना नाम मतदाता सूची मे जोड़ने के निर्देश दिए एवं बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन सात दिन के अंदर उन्हें प्रत्येक घर जा कर जल्द पूरा करने को कहा गया। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची द्वारा नए मतदातों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया। ताकि नए मतदाता अपना बहुमूल्य मतदान कर पाए।

## आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, परंपरा के संरक्षण व उनके विकास के संकल्प लेने का दिन : डा. लंबोदर महतो




**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं विधायक में डॉ. लंबोदर महतो ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हम सब को आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, परंपरा का संरक्षण एवं विकास के साथ - साथ नयी पीढ़ीयों के उत्थान, भलाई व सर्वांगीण विकास के लिए संकल्प लेने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृति व परंपराओं के संरक्षक आदिवासी समाज ने पूरी दुनिया को सीख दी है। देश की रक्षा के लिए अपना प्राण तक न्यौछावर कर दिये। शिक्षा,जनजातीय भाषा साहित्य, पर्यावरण व कला संस्कृति के क्षेत्र में कई लोगों का नाम सम्मान पूर्वक लिए जाते हैं। यही नहीं खेल के विभिन्न क्षेत्रों में इस समाज के खिलाड़ियों ने एक खास मुकाम हासिल किया है। ग्रामीण परिवेश में सीमित संसाधन के बावजूद कई आदिवासी पुरुष व महिलाओं ने खेल के क्षेत्र में झारखंड का मान बढ़ाया है। खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश व राज्य को गौरवान्वित किया है। हमें याद रखना चाहिए कि जल ,जंगल व जमीन संरक्षण की परिकल्पना आदिवासी समाज की जड़ों में है। मनुष्यता, धरती एवं प्रकृति को बचाने के लिए आदिवासी जीवन शैली सबसे सटीक व सार्थक है। इससे सीख देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रकृति संतुलन को बनाए रखने में आदिवासी समुदाय की भूमिका सबसे अहम रही है और आगे भी रहेगी।

## बूटी मोड़ में पेड़ गिरने से लगा जाम

**रांची।** बूटी मोड़ के समीप सड़क पर पेड़ गिरने से मंगलवार को लगभग दो घंटे तक जाम लग गया । इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए वाहनों का अवागमन सुचारु कराया । पेड़ की टहनियों को काटकर सड़क से हटाया गया। मौके पर खेल गांव थाना पुलिस पहुंची और पेड़ की टहनियों को काटकर सड़क से हटवाया। यह सड़क रामगढ़, हजारीबाग से रांची आने का मार्ग है। इस वजह से इस सड़क पर हजारों वाहन चलते है।

### रांची में रेल सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार

# एनार्कुलम व अहमदाबाद के लिए जल्द दौड़ेगी जन साधारण एक्सप्रेस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रेल मंत्रालय के द्वारा रांची को बहुत जल्द ही कई सौगातें मिलने वाली हैं। यहां रेल यात्री सुविधाओं का विस्तार होने वाला है। इस निमित्त रांची के सांसद संजय सेठ के द्वारा विगत एक पखवाड़े में संसद सत्र के दौरान लगातार प्रयास का प्रतिफल सामने आया है। लंबे समय से प्रतिक्षित हटिया से कोयंबटूर होते हुए एनार्कुलम के लिए जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन और हटिया से अहमदाबाद के लिए जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन बहुत जल्द आरंभ होगी। यह सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके माध्यम से दक्षिण भारत सहित गुजरात तक की झारखंड के लोगों की यात्रा सुगम और आसान हो सकेगी। इसके अलावे रांची लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन में 12 डिब्बों को बढ़ाकर 16 डब्बा करने का मामला भी पूर्ण हो चुका है। कई स्टेशनों पर 12 डब्बों के रुकने तक की लंबाई के ही प्लेटफार्म हैं। ऐसी स्थिति में यह जरूरी है कि प्लेटफार्म को लंबा किया जाए। इस दिशा में काम चल रहा है। प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ते ही पैसेंजर ट्रेन में चार और डब्बे जुड़ जाएंगे। यहां की यात्रियों की यात्रा सुलभ हो सकेगी। इसके अतिरिक्त रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन बहुत जल्द आरंभ हो जाएगा। इसकी भी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सांसद ने नामकुम पुराना थाना (शनि मंदिर के सामने) अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भी रेल मंत्रालय को दिया है। बहुत जल्द ही इसका डीपीआर भी तैयार कर लिया जाएगा। सांसद ने इन सभी बातों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। सांसद ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र रेल यात्री सुविधाओं की दिशा में एक कीर्तिमान स्थापित करेगा।

### गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी में मंगलवार को विश्व कवि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के प्रयाण दिवस पर बाइशे श्रावण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के सेंटेनरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में गुरुदेव को रवींद्र संगीत और कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। अनीमा घोष के निर्देशन में कलाकारों ने संगीतांजलि अर्पित की। अदिति, डॉ पंपा सेन विश्वास, रिंकू बनर्जी, तनुश्री भट्टाचार्य, संगीता दत्ता, वैशाखी, रीमा, झिलिक, संचिता, अशोक विश्वास, मानस, स्नेहाशीष व देवाशीष ने संगीतांजलि में हिस्सा लिया। भाष्य पाठ भास्कर भट्टाचार्य और सुपर्णा चटर्जी ने किया। तबले पर उत्तम घोष व सिंथेसाइजर पर सौरव देव ने संगत की। वहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, देवनाथ गांगुली, मिनती, करबी, गौरी और भारती ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में क्लब के सह सभापति गौतम भट्टाचार्य, सह सचिव मानस रंजन मुखर्जी सहित अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में बंग समुदाय के लोग मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन पर बाबूलाल मरांडी का तीखा प्रहार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने कहा 18 नवंबर, 2022 को हुए 10 घंटे की पूछताछ के बाद 14 अगस्त को दुबारा पूछताछ के लिए सम्मन भेजा है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री ने इतिहास रचा है। वे देश के इतिहास में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री के खिताब पाने वाले पहले मुख्यमंत्री हो गए हैं। इतना ही नहीं वे सिटिंग मुख्यमंत्री के रूप में ईडी के समक्ष प्रस्तुत होने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हेमंत सोरेन स्वयं के एवं परिवार के नाम से राजधानी रांची में आदिवासी की जमीन हड़पते हुए जो घोटाला किया है एवं जो मनी लांड्रिंग की है उसके बारे में पूछताछ होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जवाब देना ही होगा कि उनके खानदान ने एवं उन्होंने गरीब आदिवासी की जमीन हड़पी या नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे में तिलमिलाए मुख्यमंत्री जांच एजेंसियों पर जरूर सवाल खड़ा करेंगे लेकिन इससे सच्चाई नहीं छुप सकती। बाबूलाल ने कहा कि अब कोई आदिवासी कार्ड आपको काम नही आयेंगे। क्योंकि, जनजाति समाज आपको समझ चुका है। आपको जनजाति समाज प्रिय नहीं है, बल्कि लूट में साथ देने वाले साथी प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, पंकज मिश्रा आपके प्रिय हैं और फंसने पर आदिवासी याद आने लगते हैं।

**बढ़ावा** श्यामा प्रसद मुखर्जी विवि के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

# पर्यावरण में संतुलन बनाये रखने की जरुरत : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कृषि कार्यो में रासायनिक उर्वरकों, पादप विकास नियामकों, कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग और इनका सामान्य अभ्यास स्वस्थ्य मृदा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। जिसका मृदा पर्यावरण एवं संपूर्ण खाद्य श्रृंखला पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ा रहा है। मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाये रखने और टिकाऊ उत्पादन के लिए अकार्बनिक उर्वरक के साथ झ साथ जैविक उर्वरक का प्रयोग महत्वपूर्ण होता जा रहा है। मृदा पर्यावरण में संतुलन के लिए जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जा रहा है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कृषि संकाय सभागार में आयोजित 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कही। वे 'अधिक फसल उत्पादन के लिए मृदा पर्यावरण में सुधार की रणनीतियां' विषयक इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, रांची के 20 छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने 15 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को मृदा पर्यावरण, फसल अवशेष प्रबंधन, कार्बन जमाव एवं ग्रीन हाउस का वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव, आर्सेनिक की समस्या एवं प्रबंधन, फ्लाईएश का पर्यावरण पर प्रभाव, वायु, जल एवं मृदा प्रदुषण, मृदा एवं फसल स्वास्थ्य में रिमोट सेंसिंग का उपयोग, उर्वरकों का पर्यावरण प्रदुषण पर प्रभाव, औद्योगिक प्रदुषण का फसलोत्पादन पर प्रभाव, भारी मेटल का मृदा एवं जल पर विषैला प्रभाव आदि विषयों से अवगत कराया जायेगा। उन्होंने इंटर्नशिप प्रशिक्षण के लिए डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि प्रबंधन का आभार जताया और कहा कि यह विषय पर्यावरण विज्ञान से जुड़े पीजी छात्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। मौके पर इंटर्नशिप में शामिल छात्र-छात्राओं ने अपने परिचय से अतिथियों को अवगत कराया। स्वागत भाषण में पाठ्यक्रम समन्यवयक डॉ. शशि भूषण कुमार ने बताया कि कृषि संकाय अधीन मृदा विज्ञान विभाग वर्षों से झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों जैसे रांची विश्वविद्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, केंद्रीय विवि के साथ-साथ दूसरे राज्यों से आए विद्यार्थियों जैसे उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों के विवि के छात्रों को भी इंटर्नशिप कार्यक्रमों में पहले से सहयोग देता आ रहा है। यह कार्यक्रम 23 अगस्त तक मृदा विज्ञान विभाग में चलेगा। कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के पर्यावरण विज्ञान विषय से जुड़े पीजी छात्र-छात्राओं को मृदा पर्यावरण एवं उसके सुधार की रणनीतियों के सबंध में विशेष जानकारी दी जायेगी।

### कांके में शहीद निर्मल महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**कांके।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर उनकी तस्वीर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित किया। जावेद अख्तर अंसारी ने शहीद निर्मल महतो को झारखंड का महान सपूत बताया है। उन्होंने आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए त्याग और बलिदान दिया तब आदिवासी मूलवासी एकजुट हुए। उन्होंने कार्यकताओं को निर्मल महतो के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। मौके पर जावेद अख्तर अंसारी, जनक नायक, बबलू राम, शेख शहाबुद्दीन, रतन अनमोल सांचा, हनीफ अंसारी, राजकुमार महतो, जीतेंद्र नायक, असलम अंसारी, अजीजुल अंसारी, विनीत लकड़ा, विनोद मुंडा, रंथू उरांव, सज्जाद अंसारी, चांद अंसारी, रजनीचंद पाहन, सागर मुंडा, नसीम अंसारी और मनोज तिर्की आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# 'बाल तस्करी की खबर मिलने पर पुलिस को तुरंत दें सूचना'




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में बच्चों के अधिकार और उनके संरक्षण को लेकर मंगलवार को डालसा खूंटी के सभागार भवन में सभी पीएलवी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि हम सब बच्चों के हक उनको न्याय न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहें। बच्चों के बाल विवाह की रोकथाम के लिए सभी पीएलवी अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में बच्चों की तस्करी आए दिन होती रहती है। इसलिए हम सबको बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को भी बिचौलियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बाल तस्करी की सूचना मिलते ही कानून कानूनी कार्रवाई के लिए डालसा और पुलिस प्रशासन को सूचित करें। डालसा सचिव ने कहा कि पीएलवी घर-घर जाकर कानूनी जागरूकता फैलाएं।

# जेजे कॉलेज बीएड संभाग ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## विश्व आदिवासी दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** बीएड संभाग जगन्नाथ जैन महाविद्यालय झुमरी तिलैया में विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ संजय कुमार बीएड विभागाध्यक्ष ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कथा भगवान बिरसा मुंडा की फोटो पर पुष्प अर्पित तथा माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के तौर पर जेजे कॉलेज के बरसर डॉक्टर अनिल कुमार, सेवानिवृत्ति डॉ गोपाल मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ शैलेंद्र दास तथा डॉ बालदेव राम थे। स्वागत में बीएड प्रशिक्षु साक्षी, ऊषा, स्नेहा ने स्वागत गीत गाया। जबकि रोस, दिव्या, आरती ने आदिवासी स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने आदिवासी दिवस पर इनके रहन-सहन, पहनावा-ओढावा, खानपान, परंपरा, रीति- रिवाज के बारे में विस्तृत रूप से लोगों के बीच में रखे। बीएड प्रशिक्षु संगीता उरांव, सिवानंद मरांडी, अमित ओरांव तथा अन्य ने एक एक करके आदिवासी के दैनिक जीवन का चरित्र प्रदर्शन किए। विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या में बहुत सारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आदिवासी रैंप वॉक, विचार गोष्ठी, झूमर, आदिवासी जीवनी आदि शामिल है। मंच का संचालन बीएड प्रशिक्षु सह क्लास मॉनिटर राहुल कुमार पंडित और स्नेहा वर्णवाल ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डॉ अभय दास, डॉ विक्की पासवान, डॉ शमशाद आलम




तथा कर्मी आनंद, वीरेंद्र, रवि, राजेश वा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएड प्रशिक्षु अमित शर्मा, अभिमन्यु, सिकंदर, असलम, अगराज हिमांशु, शिवानंद, अविनाश, राजेश, सोनू तथा अन्य प्रशिक्षुओं का बहुत योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन कल्चरल इंचार्ज डॉ० जेन एलिस मिंज के द्वारा किया गया।

## भींजपुर में गुम हुई बच्ची का शव बरामद



**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बरसलोया के भींजपुर निवासी शिवनारायण सिंह एवं जेठमुनी देवी की 3 वर्षीय बच्ची जयमाता कुमारी जो की कल संध्या लगभग चार बजे से गुम हो गई थी। जिसे लेकर उसके माता पिता रात भर बच्ची को खोजने लगे परन्तु बच्ची नहीं मिली। जिसके उपरांत उन्होंने कोलेबिरा थाना में बच्ची की गुमशुदा होने की प्राथमिकी दर्ज कराई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कोलेबिरा अंचलाधिकारी हरीश कुमार एवं कोलेबिरा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुँचे। लापता बच्ची के माता पिता के बताए अनुसार कोलेबिरा अंचलाधिकारी हरीश कुमार ने गांव के ग्रामीणों की दो टीम का गठन किया और उन्होंने टीम को गठित कर निर्देश दिया कि बच्ची को ढूंढ कर निकालने वाले टीम को स्वतंत्रता दिवस के दिन अंचलाधिकारी कोलेबिरा के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा की शव मिलने पर पीड़ित परिवार को झारखण्ड सरकार के प्राकृतिक आपदा गाइडलाइंस के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। तत्पश्चात दोनो टीम के कड़ी मेहनत के बाद बच्ची का शव नदी के झाड़ी से बरामद हुआ। शव मिलने के बाद कोलेबिरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। बच्ची के शव मिलने के पश्चात ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी के अथक प्रयास एवं सूझ बूझ के लिए उन्हे धन्यवाद दिया।

# एसपी ने पहुंचे सिमडेगा शिक्षकों को दी जानकारी





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से डाइट सिमडेगा के तत्वाधान में चल रहे स्कूल शिक्षकों के लिए आरोग्य दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे एवं चौथे बैच का प्रशिक्षण जारी है।मंगलवार को सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सौरभ ने इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को संबोधित किया। प्रशिक्षण मॉड्यूल में शामिल मानव तस्करी, हिंसा एवं चोट के खिलाफ सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, इंटरनेट एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों के साथ साथ उन्होंने समाज के विकास में शिक्षकों एवं कम्युनिटी पुलिसिंग के तालमेल पर जोर दिया। शिक्षकों ने भी उनसे कई प्रश्न पूछे जिसका उन्होंने विस्तार पूर्वक जवाब दिया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण निरंतर होने चाहिए एवं ये प्रशिक्षित शिक्षक नियमित रूप से पुलिस थानों के साथ साझेदारी से विद्यालय में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाते रहे। उन्होंने कहा कि अधिगम निरंतर प्रक्रिया है एवं जिस तरीके से साइबर क्राइम नित नए रूप में सामने आ रहे हैं उसी अनुसार हमें अपने छात्रों एवं समाज को जागरूक बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने पुलिस की वास्तविक छवि को समाज के सामने रखने हेतु शिक्षकों को सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह प्राचार्य डाइट सिमडेगा, बादल राज ने उन्हें अपना बहुमूल्य समय देने एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित रफ्फ्र्र के अतिरिक्त प्रशासन के विशेषज्ञ अधिकारी भी प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## चक्रधरपुर की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**सिमडेगा।** 24वां अंतरराज्य वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मंगलवार को टाइगर गेतलसुत क्लब रांची झारखण्ड बनाम चक्रधरपुर झारखण्ड के बीच हुआ।खेल के मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश कुमार पेय जल एवं स्वच्छता विभाग सिमडेगा प्रमण्डल कार्यपालक अभियंता, विशिष्ट अतिथि प्रताप मिंज सीओ सिमडेगा और राजेश कु सिंह मजदूर नेता के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरूआत की इधर आगंतुक अतिथियों को समिति द्वारा स्वागत किया गया। खेल के शुरूआती दौर में चक्रधरपुर की टीम ने पहली गोल मारकर खेल की शुरूआत की इसके बाद कुछ देर पश्चात पुनः एक गोल मारकर 2-0 से बढ़त बनाई हालांकि बाद में गेटलसूद की टीम ने 02 गोल मारकर खेल को बराबरी कर लिया। हालांकि खेल के आखरी समय में सिरसा चक्रधरपुर की टीम एक गोल मारकर 3-2 से बढ़त बनाई। एवं चक्रधरपुर की टीम 3-2 से जीत दर्ज की।आज 9 अगस्त को आदिवासी दिवस के कारण अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित समारोह की वजह से खेल नही होगा। 10 अगस्त को संत इग्नासियुस गुमला झारखण्ड बनाम सेरसा चक्रधरपुर झारखण्ड के बीच 4 बजे होगी।

# विधायक ने किया निर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के अन्तर्गत विधायक मद से निर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन विधायक नमन विक्सल कोनगाडी तथा कांग्रेस कार्यकताओं एवं ग्राम पंचायत मुखिया अघरमा अंजू रीना मिंज के द्वारा किया गया पिछले दिनों लरबा मंगलाटोली विद्यालय प्रबंधन की ओर से अपनी समस्या का अवगत विधायक के पास कराया गया था उनका कहना है यहाँ काफी संख्या में बच्चे पढने आते हैं हमारे पास चार कमरे का मिट्टी निर्मित भवन जर्जर अवस्था में है बार बार रिपेयर कराना पडता है पानी भी छत से गिरता है जिससे बच्चों को काफी असुविधा हो रही है इस पर विधायक ने सुविधा मुहैया कराते हुए स्कूल भवन अपने मद से बनवाया विधायक ने बताया हमने अपने मद से अबतक पुरे विधानसभा में सभी पाचों प्रखण्ड में करीब 60 विद्यालय भवन तथा अभी बहुत सारे अनुशंसा किया गया है तथा अन्य छोटे बड़े योजना जैसे पीसीसी पथ मोरम पथ जल मीनार चबुतरा स्टेज खेल मैदान सामुदायिक भवन सामुदायिक शौचालय तथा अन्य विकास के काम करवाया है तथा बडे.बडे पुल करीब 3,4 स्पेन का तथा पथ कालीकरन अनुशंसा कर के बनवाया हुं और बाकी जल्द बनवाया जाऐगा आपके हितों के लिए लगातार विधानसभा में अवाज उठाते हुए काम करवाया हूँ।विद्यालय प्रबंधन समिति तथा गाँव के बच्चों के अभिभावकों द्वारा विधायक को धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया, उनका कहना था पिछले 15 वषा? से कई जनप्रतिनिधियों को मांग किया गया लेकिन केवल आश्वासन दिया गया लेकिन हमारी बातों को नहीं सुना गया आपके द्वारा स्कूल बनाया गया।

## साहुबेडा पंचायत के ग्राम रामजोल में बारिश के कारण घर गिरा, मुआवजे की मांग



**बानो।** प्रखण्ड साहुबेडा पंचायत के रामजोल निवासी तुरतन गुड़िया का घर बारिश का पानी झेल नही पाया और गिर गया। घर के धंसने से घर मे रखे सामान बारिश के भींग गया । तुरतन गुड़िया बीपीएल परिवार का है। परिवार में चार सदस्य हैं ।घर गिरने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया सुसाना जड़िया ने गांव का दौरा कर उच्च अधिकारियों से मुवावजा के लिये पहल करने की बात कहा।

## उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को शिक्षा विभाग की बैठक आहूत हुई।बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाले मुख्य सचिव की 3१ कांफ्रेंस हेतु चयनित थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उक्त थीम के अंतर्गत कुल 8 विषय वस्तु पर वर्तमान में चुनौती, समाधान, तथा सुझाव प्राप्त करना आदि पर आवश्यक चचाएं की गई। इन विषय वस्तु के माध्यम से विद्यालय में ट्रांसफर सर्टिफिकेट, अंक प्रमाण पत्र निर्गत करना, बच्चों का आधार रजिस्ट्रेशन, डिजिटल माध्यम से सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों का संधारण, विद्यालयों में भौतिक संरचना की गुणवत्ता एवं शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता को बेहतर करने आदि विषयों पर रिपोर्ट तैयार कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, स्वयंसेवी संस्था पीरामल फाउंडेशन, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संत डोमनिक इंटरमीडिएट कॉलेज लचरागढ़ में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के संत डोमनिक इंटर कॉलेज वार्षिक उत्सव मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लचरागढ़ पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर डीन एरिक जोसेफ कुल्लू उपस्थित थे मौके पर रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, संस्कृति कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि फादर एरिक जोसेफ कुल्लू ने संत डोमनिक के तस्वीर पर माल्यार्पण वा दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र छात्रों ने एक से बदकर एक गीत संगीत प्रस्तुत किया,शिल्पा और साथी ने संताहली गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधा, ईसा ग्रुप ने असमिया गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को झूमने पर मजबूर किया, इससे पूर्व विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया फादर पीटर बारला एवम एरिक जोसेफ कुल्लू ने मिस्सा बल्लीदान चढ़ाया।

# भाकपा माले की बैठक में 14 अगस्त को आजादी मार्च निकालने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** 76 वां स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को भाकपा माले आजादी मार्च निकालेगी। आजादी मार्च में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता तिरंगा और लाल झंडे के साथ शामिल होगें। यह मार्च महाराणा प्रताप चौक झुमरी तिलैया स्थित पार्टी कार्यालय से दिन के 12 बजे शुरूआत होगी जो शहर के रांची-पटना रोड प्रमुख चोराहों से होते हुए झंडा चौक पहुंचेगी जहां जन सभा अयोजित किया जाएगा। आजादी मार्च के द्वारा शहीदों के संघर्षो उनकी शहादत और आज के दौर में संविधान आजादी और देश की साक्षी विरासत से आम जनता को अवगत कराना है। यह निर्णय भाकपा माले कोडरमा जिला कमिटी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।बैठक मे जिला प्रभारी भुनेश्वर केवट, जिला सचिव राजेंद्र मेहता, विजय पासवान जिला कमेटी सदस्य संदीप कुमार डोमचांच प्रखंड सचिव विनोद पांडेय, भागीरथ सिंह घटवार, शेरू निशा, पार्वती देवी, कृष्णकांत मेहता आदि शामिल थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**झुमरी तिलैया।** 9 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होनेवाले मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को सदर ब्लॉक में प्रमुख सुषमा देवी की अध्यक्षता ने बैठक हुई। बैठक में उप प्रमुख बासुदेव यादव, पंचायत समिति के सदस्य एवं मुखिया के अलावा अधिकारी और कर्मी उपस्थित हुए। बीडीओ रेशम डुंगडुंग ने बताया कि 18 पंचायत में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम को लेकर नोडल पदाधिकारी नियुक्त किये गए हैं। पंचायतो में 75-75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका के रूप में विकसित किया जाएगा और वीरों के सम्मान में जेई को शिलापट लगाने का निर्देश दे दिया गया है। वहीं जनसम्पर्क अभियान चलेगा, वीरों की वंदना, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान सहित कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा।

# एस एस +2 विद्यालय में मना वन महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत एसएस प्लस टू विद्यालय प्रांगण में सामाजिक वाणी की विभाग के द्वारा 74वां वन महोत्सव मनाया गया। इस वन महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम, कोलेबिरा पंचायत मुखिया अंजना लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद एवं सुलभ, सिमडेगा डीएफओ, सामाजिक वानिकी पदाधिकारी कोलेबिरा, एसएस प्लस टू के शिक्षक गण, मॉडल स्कूल के शिक्षक, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के शिक्षक गण, साथ ही इस महोत्सव में विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत एसएस प्लस टू की छात्राओं के द्वारा अतिथियों का स्वागत गान से स्वागत किया गया। तत्पश्चात विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा आए हुए मुख्य अतिथि और



विशिष्ट अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। विभाग के द्वारा संबोधन के रूप में सभी का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद में अपने संबोधन में कहा कि वनों की रक्षा करना हमारा धर्म और कर्तव्य है। हम सभी पौधारोपण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना ले। जलवायु और प्रदूषण पर रोक लगाने हैं तो हमें वृक्षों को कटने से बचाना होगा और प्रतिवर्ष वृक्षारोपण करने होंगे। सभी आगंतुकों के द्वारा वृक्ष लगाने और होने के फायदे अलग-अलग रूप से बच्चों के बीच में रखें। प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम ने कहा कि हम सभी को वृक्ष को कटने से रोकना होगा और नए वृक्ष को प्रतिवर्ष लगाना होगा। वृक्ष लगाने से ज्यादा महत्व वृक्ष की रक्षा कर उसे बड़ा करना ज्यादा महत्व रखता है।

## कृषि कार्य से संबंधित समस्याओं पर चर्चा

**जलडेगा।** मंगलवार को जलडेगा पंचायत भवन सभागार में सेंटर फॉर बजट एंड गवर्नेंस अकाउंटेबिलिटी की तत्वाधान में किसानों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों से जलडेगा प्रखंड में कृषि कार्य से संबंधित समस्याओं पर चर्चा हुई। सीबीजीए संस्था से आए रमनदीप सिंह और अंकिता श्रुति ने कृषि सम्बन्धित योजनाओं, कृषि बजट, बजट प्लानिंग मे ग्राम पंचायत की भूमिका और लोगो की भागीदारी को बढ़ावा देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों को आश्वाशन दिया की सीबीजीए संस्था आने वाले दिनों मे ज्यादा से ज्यादा कृषकों को योजना और उनके बजट को समझाने और उनकी भागीदारी को बढ़ाने मे प्रयासरत रहेगा। बैठक में बीटीएम आत्म राजेश बागे, लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, जलडेगा एफपीओ के सीईओ सोनू सिंह, मनरेगा सीएफपी के प्रखंड समन्वयक समीर मिली,लाइवलीहुड एक्सपर्ट, एनआरएलएम एक्सपर्ट, फिया फाउंडेशन के ललिता कंडुलना, सुमन्ति डांग, कलिंद्र प्रधान, कुलदीप सुरीन, संजू धनवार सहित मॉडल किसान उपस्थित थे।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड पाकरटांड़ की बैठक जिला संघ भवन सिमडेगा में प्रखंड अध्यक्ष ललित कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस बैठक में जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ,संगठन महामंत्री राजकुमार राम,जिला संयुक्त सचिव रजनीकांत तिलक जी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से पाकरटांड़ प्रखंड के रिक्त सचिव पद हेतु सर्वसम्मति से उपेन्द्र कुमार का चयन किया गया।इनके नाम का प्रस्ताव मनीष कुमार केशरी के द्वारा किया गया जिसका समर्थन सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। इस बैठक में नव चयनित प्रखंड सचिव ने कहा कि पूरी निष्ठा एवं सच्चाई से अपने पद के कार्यों एवम दायित्वों का निर्वहन करेंगें।जिला संयुक्त सचिव रजनीकांत तिलक ने कहा कि प्रखंड कमेटी को जिला कमेटी से हर संभव मदद की जाएगी। जिला संगठन महामंत्री राजकुमार राम ने कहा कि मैं संगठन को जोड़ कर रखूंगा।एवम अन्य प्रखंडों के रिक्त पदों पर यथा शीघ्र चुनाव करा लूंगा।

**अच्छी सोच**

## मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की सदस्य पहुंचे वृद्धाश्रम

# समाज के मार्ग दर्शक हैं बुजुर्ग : श्रेया केड़िया

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** शहर के अड्डी बंगला रोड स्थित वृद्धा आश्रम में मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने वहां रह रहे बुजुर्गों एवं कर्मियों को घर जैसा वातावरण मिले, इसके लिए प्रेरणा शाखा ने एक सार्थक पहल करते हुए कुछ पल वहां व्यतीत किये। और उनके हालचाल जानने के साथ ही प्रेरणा शाखा के पदाधिकारी और सदस्यों ने घर के बने खाने को बुजुर्गों को उपलब्ध कराया। इस दौरान बुजुर्गों ने कहा कि प्रेरणा शाखा का यह प्रयास प्रेरणा का स्रोत है ।उन्होंने इसके लिए शाखा को धन्यवाद दिया । प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केड़िया ने कहा कि बुजुर्ग बोझ नहीं होते हैं समाज की विरासत है । समाज को राह दिखाते हैं, बच्चों को अपने पैर पर खड़ा करने के लिए हर जतन करते हैं ।उनके मान सम्मान की रक्षा का दायित्व युवा पीढ़ी के कंधों पर है, प्यार और अपनत्व और सामाजिक परिवेश में इनके साथ कुछ पल बिता कर खुशी महसूस हो रही है। प्रेरणा शाखा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करेगी। शाखा की सचिव सारिका लड्डा ने कहा कि बुजुर्गों के अनुभव हमें बहुत कुछ सिखाते हैं, वह हमारे प्रेरणा के स्रोत हैं। उनका अनुभव हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है। हम किसी प्रकार के कार्य के लिए अपने बुजुर्गों से विचार-विमर्श कर सकते हैं ,और बुजुर्ग हमें सही रास्ता दिखा कर गलत रास्ते पर जाने से बचाते हैं। मौके पर कार्यक्रम की परियोजना निर्देशक नेहा जैन और श्वेता गुटगुटिया ने कहा कि प्रेरणा शाखा का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान तक के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है ।वृद्धा आश्रम में रह रहे लोगों के साथ समाज के लोगों को अपनी शादी की सालगिरह, जन्मदिन एवं शुभ कार्य के मौके पर इन से जुड़ाव की जरूरत है ,ताकि इन्हें भी अपनापन का एहसास हो सके ।उन्होंने कहा कि समाज के मार्गदर्शक होते हैं बुजुर्ग, इनके सम्मान से घर का मान बढ़ता है ।आज के युवा को भी कल बुढा होना है ,और उनके साथ ऐसी स्थिति ना आए और वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों को अपनेपन से भी मोह खत्म हो जाए। वार्डन श्वेता सिंह ने कहा की ऐसे प्रेरणा शाखा




की सदस्य समय समय पर आकर वृद्ध जनों का मनोबल बढ़ाएं तथा उन्हें खुशी उपलब्ध कराए। मौके पर उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया,खुशबू केड़िया, बबीता केडिया, पूनम टिबड़ेवाल, सुनीता गुटगुटिया, स्वाति अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, राजा देवी भोरा, मिनी हिसारिया, संतोष हिसारिया आदि उपस्थित थे।

# बिना धर्म को जाने ब्रह्म की खोज कठिन : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

धर्म की जिज्ञासा के बाद ब्रह्म की जिज्ञासा करनी चाहिये। बिना धर्म को जाने ब्रह्म की खोज कठिन होती है। भूमि में छुपी खनिज-सम्पदा एवं दूध में मिले पानी को नंगी आँखों से नहीं देखा जा सकता, इसके लिए उपकरण की आवश्यकता होती है। उसी तरह ब्रह्म को जानने के लिये धर्म रुपी उपकरण आवश्यक है। जैन धर्म सनातन से है, परंतु जैन धर्म-दर्शन नहीं स्वीकारने के कारण सर्वमान्य नहीं हो पाया। सनातन धर्म दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। उक्त बातें पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में जीयर स्वामी ने कहीं।

उन्होंने कहा कि मानव जीवन में शरीर से कर्म होता है जिसे मन संचालित करता है। मन को नियंत्रित रखना चाहिए। अंगुलिमाल का शरीर वही रहा लेकिन मन के बदल जाने से वह अहिंसा का पुजारी बना। जीयर स्वामी ने कहा कि एक बार राजा जनक आत्म ज्ञान प्राप्त करने के लिये एक सभा बुलायी। अल्प समय में जो आत्मज्ञान करायेगा, उसे आधा राज दे देंगे। विद्वानों ने अलग-अलग राय दी. राजा जनक संतुष्ट नहीं हुए। सभा में पहुंचे अष्टावक्र को देख सभी लोग हंस दिये क्योंकि उनके सभी अंग टेढे थे। अष्टावक्र ने कहा कि किसी का शरीर देखकर उपाहास नहीं करना चाहिये। उसका गुण



देखना और जनाना चाहिए. जनक जी क्षमा याचना किये। अष्टावक्र जी ने घोड़ा मंगाया ,राजा जनक से कहा कि एक पैर रिकाब में रखिये और मेरा दक्षिणा दीजिए। जनक ने अपना आधा राज और शरीर देने की बातें कहीं। अष्टावक्र ने कहा कि ये दोनो आप के नहीं हैं। आप उपयोगकर्ता हैं। राज की संपदा प्रकृति प्रजा की है7 शरीर पंचभूत से बना है, जिसपर पत्नी का भी अधिकार है। आप अपना मन, चित्त, बुद्धि और आकार दे दे और घोड़े पर सवार हो जाये। राजा शून्य की स्थिति में हो गये। उन्हें अल्पसमय में आत्म शांति मिली कि मन पर नियंत्रण से ही आत्म ज्ञान संभव है। मन, चित, बुद्धि और अहंकार के कारण ही संसार के भोग में मानव भटकता है। स्वामी जी ने कहा कि कामना युक्त कर्मकांड करने एवं कराने वालों में अहंकार आता है। कर्मकांड अगर करना है तो परमामा की प्राप्ति के लिये करे। किसी कामना की पूर्ति के लिये नहीं। स्वामी जी ने कहा कि राजा पृथू को जब आत्मज्ञान हुआ तो वे अपने बड़े पुत्र प्राचीन वर्हि को राजा बनाकर जंगल में चले गये। एक बार नारद जी राजा प्राचीनबर्हि को यज्ञ के संबंध में उपदेश दे रहे थे। नारद जी ने कहा कि सभी जीव-जंतु प्रभु की संतान आप यज्ञ में पशुओं की बलि नहीं दें। पशु बलि के साथ किया गया यज्ञ अपावन होता है। नारद जी ने अपने तपोबल से उन पशुओं को दिखाया, जिन्हें प्राचीन वर्हि ने यज्ञ में बलि दी थी। सभी पशु क्रोधित नजर आये और अपना बदला लेने के लिये उद्यत थे। यह सनी कोचितम आदे। यह देख पाचीन वर्हि को ज्ञान हुआ और भूल पर पश्चताप हुई। स्वामी जी ने कहा कि विष्णु का अर्थ अहिंसा, प्रेम, सदाचार एवं सदविचार है, सविधार है। हिंसा युक्त यज्ञ विष्णु का यज्ञ नहीं हो सकता है। बलि यज्ञ से कल्याण संभव नहीं है।

# ईमानदारी की मिसाल पेश सड़क पर गिरा पर्स लौटाया

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमपीडब्लू गुप्तेश्वर प्रसाद ने ईमानदारी पेश करते हुए एक व्यक्ति अरुण चौबे पिता राजेंद्र चौबे सिंघिताली निवासी का सड़क पर गिरा हुआ पर्स वापस किया। पर्स में पांच हजार नकद, एटीएम कार्ड व अन्य दस्तावेज था। बताया जाता है कि गुप्तेश्वर प्रसाद अपने बाइक से अस्पताल आ रहे थे जिन्हें ब्लाक गेट के पास गिरा हुआ पर्स मिला। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर अन्य कर्मियों को इसकी जानकारी दी। चर्चा के बीच ही एक व्यक्ति दौड़ता हुआ आया और अपना पर्स बताते



हुए कहा कि अस्पताल से ही बाइक से पेट्रोल लेने जा रहा था। इसी बीच पर्स पॉकेट से गिर गया था पंप पर पहुंचने के बाद पता चला कि पर्स खो गया है। दुबारा अस्पताल पहुंचा तो भीड़ देखर वहां पहुंचा तो पता चला कि उक्त सामान मेरा ही है।

## मरीज का इलाज करने से मना कर बोले सीएचसी के सीएचओ

# 'मंत्री व सीएस मेरे हाथ में, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा'

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट के सामने मरीज जमीन पर तड़पता रहा, लेकिन ड्यूटी पर तैनात सीएचओ कमल सैनी ने उसका इलाज करना मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने कहा जहां जाना है जाओ मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। मामला रविवार का रात की है। मामले की जानकारी देते हुए भवनाथपुर प्रखंड के झगराखाड के जिरहुला टोला निवासी राजू मेहता के भाई राजन मेहता ने बताया कि मेरे भाई राजू मेहता को बिछु ने डंक मार दिया, जिसको लेकर मैंने प्राथमिक उपचार के तौर पर गांव में ही इंजेक्शन लगवाया, क्योंकि मेरे गांव से भवनाथपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी 8 किलोमीटर है। जब सुई से राहत



नहीं मिली तो मैं अपने भाई को भवनाथपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 बजे रात में लेकर आया। वहां ड्यूटी पर उपस्थित सीएचओ कमल सैनी को जब इलाज के लिए बोला तो उनके द्वारा बोला गया कि जहां सुई लगवाए हो वहीं जाकर इलाज कराओ, यहां इलाज नहीं होगा। जब मैंने बोला कि मैं इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करूंगा तो सीएचओ कमल सैनी द्वारा बोला गया कि कर दो जहां शिकायत करना है। मेरा नाम कमल सैनी है। साढ़े तीन साल में मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाया है। और उनके द्वारा बोला जाता है कि मंत्री और सिविल सर्जन मेरे हाथ में हैं। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। इसके बाद मैंने अपने भाई को प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया।

आपको बता दें कि सीएचओ कमल सैनी द्वारा मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करना, इलाज नहीं करना एवं बिना जरूरत की बाहरी जांच लिखने का मामला उजागर होते रहा है। बावजूद इसके कोई कारवाई नहीं होने से सीएचओ कमल सैनी का हौसला बुलंद है। इस संबंध में पूछे जाने पर सीएस अवधेश सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा की बैठक में विभाजन विभीषिका कार्यक्रम पर चर्चा

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यक्रम विभाजन विभीषिका को लेकर चर्चा की गयी। विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के दौरान 13 अगस्त को जिला कार्यालय में प्रदर्शनी लगायी जाएगी। कार्यक्रम के प्रभारी रामाशीष तिवारी को एवं सह प्रभारी विकास तिवारी को बनाया गया है। वहीं 14 अगस्त को मौन जुलूस चिनिया मोड़ काली स्थान से मझीआंव मोड़ तक निकाला जाएगा। इसका प्रभारी बिनोद तिवारी एवं सह प्रभारी धर्मनाथ झा उर्फ टुना को बनाया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से पलामू प्रमंडल प्रभारी जवाहर पासवान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, राजीव रंजन तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, गढ़वा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, भाजयुमो पलामू प्रभारी रामशीष तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, जिला महामंत्री विकास तिवारी, उदय कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा पदाधिकारी ने 40 शिक्षकों की सेवा पुस्तिका का किया सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को कैप आयोजित कर चिनिया प्रखंड के शिक्षकों के सेवा पुस्तिका का सत्यापन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रंका मोहम्मद कैसर रजा के द्वारा सभी शिक्षकों के सेवा पुस्तिका में वार्षिक वृद्धि संधारण एवं सत्यापन का कार्य संपन्न किया गया। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि आज प्रखंड के 40 शिक्षकों का सेवा पुस्तिका सत्यापन किया गया। यह कार्यक्रम इसलिए किया गया कि शिक्षक को परेशानी ना हो, आधिकारियों के चक्कर न लगाना पड़े। ऐसे में शिक्षकों का पठन-पाठन बाधित होता है एवं शिक्षकों को परेशानी होती है। हम कोशिश करेंगे कि सरकारी विद्यालयों में अच्छा से अच्छा शैक्षणिक माहौल हो तथा निरंतर विद्यालयों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित शैक्षणिक योजनाओं को विद्यालयों में धरातल पर उतारा जाएगा।




मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षक संगठन के प्रखंड अध्यक्ष कोरनीलुईस लकड़ा ने कहा कि क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रंका द्वारा कैंप आयोजित कर सेवा पुस्तिका का संधारण करना हम सभी शिक्षकों के लिए गर्व की बात है ऐसा होने से शिक्षक अधिकारी के बीच संबंध मधुर होता है। वहीं प्रखंड के निकासी एवं ब्ययन पदाधिकारी अरुण कुमार मेहता ने अपने प्रखंड के शिक्षकों के साथ क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को पुष्प देकर सम्मानित किया तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा शिक्षक एवं पदाधिकारी को दशा एवं दिशा पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से आग्रह किया कि शिक्षकों के सारे कार्य संपन्न समय पर हो ताकि शिक्षक चिंता मुक्त होकर विद्यालय में अध्ययन अध्यापन कार्य कर सकें। मौके पर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अरुण कुमार मेहता, सचिव अजय कुमार चंद्रवंशी, चंद्रमौलेश्वर पांडे, अशोक सिंह, दुबराज सिंह, पवन कुमार, इस्तेयाकआलम, अभय कुमार, जयशंकर प्रसाद, अभय कुमार सिंह, तनवीर आलम, सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# सड़क हादसे में एक युवक की हुयी मौत, दूसरा गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग रोड स्थित कलना मोड़ के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार अविनाश रविदास की मौत घटनास्थल पर हो गयी। वहीं मोहित कुमार रविदास गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों की मदद से इटखोरी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जबकी घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर बघमुंडी जा रहे थे। इसी बीच अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल एक पेड़ में टकरागई। इसमें अविनाश की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। दूसरी ओर युवक के असमय मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# पुलिस ने लाल वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने लाल वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि कई दिनों से फिरार चल रहे लाल वारंटी विकास नायक पिता स्व. जगेश्वर नायक को छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार लाल वारंटी विकास नायक बालूमाथ मुख्यालय स्थित झरिया तालाब के पास का रहने वाला है, जिसे पुलिस को लंबे समय से तलाश थी जिसे छापामारी कर विकास को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी परेशान प्रसाद के अलावा एएसआई संजय चौधरी शहीत पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

# इंटरसिटी का ठहराव छिपादोहर में शुरू

## ग्रामीणों ने चालक व गार्ड का किया भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड के छिपादोहार रेलवे स्टेशन में मंगलवार से छिपादोहर रेलवे स्टेशन में सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होने पर ट्रेन के चालक एवं गार्ड का ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया। जानकारी हों कि छिपादोहर में इंटरसिटी समेत अन्य ट्रेनों का ठहराव देने की मांग को लेकर कन्हाई सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया था। वहीं स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह ने इसको लेकर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को मांग पत्र सौंपा था। इसी बीच रेलवे बोर्ड द्वारा ग्रामीणों की मांग को देखते हुए मंगलवार से सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव निर्धारित किया है। मंगलवार सुबह छिपादोहर में उक्त ट्रेन का ठहराव जैसे ही छिपादोहर में हुआ रेलवे स्टेशन में काफी संख्या में जुटे। ग्रामीणों व जिला सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर ने ट्रेन के चालक, सहायक चालक एवं ट्रेन प्रबंधक (गार्ड) का माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। ग्रामीणों ने सभी को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वहीं वरीय भाजपा नेता भीम आनंद गिरि ने हरी झंडी दिखाकर छिपादोहर से ट्रेन को रवाना किया। मौके पर भीमानंद गिरी, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, राजू प्रसाद, अजय सोनी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, नंदू प्रसाद, मुना गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक रामाशीष महतो, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार रामधनी सिंह समेत काफी संख्या में उत्साहित ग्रामीण रेलवे स्टेशन परिसर में जमा हुए थे।

# संक्षिप्त

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने स्व. महतो को याद किया

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय जलक्रांति भवन में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने झारखंड के वीर सपूत, झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के प्रणेता शहीद निर्मल महतों की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि समारोह का शुभारंभ शहीद निर्मल महतों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान ने कहा कि शहीद निर्मल महतो झारखंड के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं।



झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य सूर्यदेव मेहता, कामता प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, प्रखंड सचिव सुरेश शुक्ल, वरिष्ठ नेता विनय ठाकुर, मुकेश कुमार सिन्हा, अमरनाथ पांडेय, नेहा कुमारी, उषा देवी, बाबूलाल दुबे, मनोज पासवान, कालीचरण गुप्ता, अमरेंद्र पासवान, रउफ अंसारी सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परिषद की टीम ने विद्या मंदिर का किया निरीक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती योजना अनुसार मानक परिषद टीम द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर भवनाथपुर के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, लातेहार के वरिष्ठ आचार्य ओंकारनाथ सहाय, विद्यालय अध्यक्ष जोखू प्रसाद, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक मौजूद थे। इसी क्रम में डस्टबिन बनाओ प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी ग्रुप के बहन सनाया खान, प्रांजल शुभ्रा, तेजस्वी प्रशांत सहाय, सनाया खान एवं परिधि को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## मंत्री मिथिलेश को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। नई कमेटी में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को केंद्रीय महासचिव बनाया गया है। श्री ठाकुर को केंद्रीय महासचिव बनाए जाने पर गढ़वा जिला झामुमो कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है। कार्यकर्ताओं ने मंत्री ठाकुर के रांची स्थित आवास पहुंचकर उन्हें माला पहना कर एवं पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। कहा कि मंत्री ठाकुर को पुनः पार्टी के महासचिव पद की बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। वे पार्टी की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे। कहा कि मंत्री की ऊर्जा एवं निष्ठा को देखते हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरा भरोसा कर उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपा है। बधाई देने वालों में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, रंथा नायक, दिलीप गुप्ता, मुन्ना सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर, भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा आदि शामिल हैं।

## अच्छी पहल — पढ़ाई के साथ-साथ संगीत, अनुशासन, स्वच्छता पर जोर

# सरकारी विद्यालय में निजी जैसी सुविधाएं

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

संकुल के अंतर्गत अरसली उतरी के प्राथमिक विद्यालय झुमरी में शिक्षकों व प्रबंधन समिति के बेहतर सहयोग से प्राइवेट विद्यालय जैसी सुविधाएं देखने को मिल रही हैं। विद्यालय में कुल 63 नामांकित छात्र हैं, जिनमें शिक्षकों की ओर से पढ़ाई के साथ-साथ संगीत, अनुसाशन, स्वच्छता पर जोर दिया गया है। इसके कारण विद्यालय में बागवानी, फूल, पौधा, किचेन, हैंड वास, शौचालय, क्लास रूम करीने से सजाया गया है। शौचालय के बाहर हैंड वास, तोलिया, हवाई चपल रखे गये हैं। किचेन में रसोइया मास्क, ग्लब्स व सिर में कैप लगाकर खाना बनाती हैं। किचेन के बाहर बेसिन के बगल में




आइना, साबुन व तोलिया, साफ सुथरा मिलेगा। विद्यालय के बाहर व क्लास रूम भी साफ सुथरा के साथ-जगह जगह स्लोगन लिखे मिलेंगे। यूं तो सरकार की ओर से सभी विद्यालयों में ये सभी सुविधाएं दी गई हैं, परंतु शिक्षकों व प्रबंधन समिति की लापरवाही कहें या कुछ और अधिकतर विद्यालयों में शौचालय गंदा है और उसमें ताला लटका है। सरकारी की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बाउजूद शिक्षकों की लापरवाही के कारण बदतर स्थिति देखने को मिलती है। प्रधानाध्यापक



सुमेर राम ने बताया कि विद्यालय में तीन शिक्षक, दिवाकर चौधरी, माया, दो रसोइया सुकनी देवी, पार्वती देवी कार्यरत हैं। सुंदरीकरण के सभी कार्यों पर मेरे व शिक्षक दिवाकर चौधरी द्वारा खर्च किया जाता है। प्रबंधन समिति व सभी लोगों के सहयोग से यह संभव हो पाया है। भवनाथपुर संकुल के अंतर्गत 57 विद्यालय हैं, जिनमें बुनियादी 2, एनपीएस 4, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय 10, मध्य विद्यालय 4, प्राथमिक विद्यालय 10, उत्क्रमित मध्य विद्यालय 11, प्लस टू 1 शामिल हैं।

# परसोडीह गांव के मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**केतार।** थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी मजदूर हरीलाल रजवार की मृत्यु रविवार को इलाज के दौरान सदर अस्पताल मेदिनीनगर में हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीलाल रजवार अपने भाई के साथ धानरोपणी करने बिहार के नवीनगर गया था। वहां खेत में काम करने के दौरान फिसलकर गिर गया। इलाज के लिए जपला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिकी इलाज के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को शव घर लाया गया और दाह संस्कार किया गया। इस बीच हरीलाल रजवार की मृत्यु होने के कारण परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
बुधवार, 09 अगस्त, 2023



ज्ञान की बात

'प्रार्थना और विश्वास दोनों अदृश्य है पर दोनों में इतना ताकत है जो नामुनकिन को मुमकिन बना देती है।' – अज्ञात



# स्तनपान व सरकार

*झारखंड* में अधिक प्रसव अब अस्पतालों में या प्रशिक्षित दाई की निगरानी में हो रहे हैं। बावजूद इसके सभी बच्चे जन्म के पहले घंटे में स्तनपान नहीं कर पा रहे। महज 20 फीसदी बच्चों को ही जन्म के तुरंत बाद मां का दूध मिल पाता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि स्तनपान मां और शिशु के लिए फायदे मंद है। कारण शिशु के लिए मां का दूध है पूर्ण पोषण की रक्षा करता है। लेकिन हाल के दिनों में देखा गया है कि मां अपने बच्चों को अपना दूध नहीं देती हैं। इसके पीछे उनका मानना है कि शरीर की बनावट बिगड़ जायेगी। यह बिल्कुल गलत है। आप अपने बच्चों को जो कुछ भी बाहर का खिलाते या पिलाते हैं, उसकी तुलना में मां का दूध कहीं ज्यादा पोषक तत्व प्रदान करता है। इसलिए मां के दूध को पूर्ण पोषण कहा जाता है। अपने शिशु को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान जरूर करवाना जरूरी होता है। इस बात की पुष्टि डाक्टरों ने भी की है। इससे मां और शिशु दोनों को फायदा होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर हर साल एक सप्ताह तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान दुनिया को बताया जाता है कि स्तनपान के क्या फायदे होते हैं। लेकिन हाल के दिनों में यह कार्यक्रम नहीं के बराबर हो पाता है। यह बिल्कुल गलत है। खासकर झारखंड में इसकी स्थिति एकदम खराब है। बल्कि कहा जा सकता है कि झारखंड में यह काफी पीछे है। झारखंड ही नहीं, पूरे देश में इस क्षेत्र में कई तरह के सुधार की जरूरत है सुधारों पर हम बाद में बात करेंगे, पहले बात करते हैं बच्चों के स्वास्थ्य और स्तनपान के महत्व के बारे में। हाल के दिनों में झारखंड में विश्व स्तनपान के बारे में जागरूकता बढ़ी है। यह सर्वे के माध्यम से पता चला है। पाश्चत्य संस्कृति की हवा इस मामले में यहां से निकल रही है। माताओं को इस बात की जानकारी हो चुकी है कि जन्म के एक घंटे के भीतर मां का दूध पीने वाले नवजात में संक्रमण (इन्फेक्शन) का खतरा कम रहता है। जल्द स्तनपान से शिशु मृत्यु दर में कमी आती है। स्तनपान की वजह से मां और नवजात की बांडिंग मजबूत होती है और मां लंबे समय तक बच्चे को दूध पिला सकती है। एक बात और समझने की जरूरत है कि मातायें अपने बच्चों को जो कुछ भी बाहर का खिलाते या पिलाते हैं, उसकी तुलना में मां का दूध कहीं ज्यादा पोषक तत्व प्रदान करता है। इसलिए मां के दूध को पूर्ण पोषण कहा जाता है। इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। ऐसा चिकित्सकों का कहना है। मां के दूध में होतीं हैं कई खूबियां स्तनपान नवजात शिशुओं के लिए एक आदर्श आहार है। यह सुरक्षित, स्वच्छ होता है। मां के दूध में कई खूबियां होती हैं, जो बच्चों को प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। यह बच्चों को कई सामान्य बीमारियों से बचाता है। स्तनपान शिशु को पहले कुछ महीनों के लिए उनकी सभी ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करता है, और पहले साल की दूसरी छमाही में मां के दूध से शिशु के पोषण के लिए जरूरी एक-तिहाई तक पोषक तत्व प्रदान करता है। ऐसे में केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारें भी स्वास्थ्य नीतियों को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम करें। अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि के साथ-साथ सुरक्षित प्रसूति की भी व्यवस्था करे। इतना ही नहीं, डॉक्टरों के साथ-साथ नर्सों, दाइयों और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना चाहिए, ताकि वे माताओं को स्तनपान कराने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित कर सकें।

**बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में दो दशक से भी ज्यादा समय तक काम कर चुकीं बाल रक्षा भारत की पूर्वी और दक्षिणी राज्यों के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण पोर्टफोलियो की प्रबंधक देबाश्मिता भौमिक कहतीं हैं कि बच्चे के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे प्रभावी तरीकों में एक है स्तनपान।**

# आदिवासी के अस्तित्व व अस्मिता की रक्षा हो





ललित गर्ग

*अन्तरराष्ट्रीय* आदिवासी दिवस, विश्व में रहने आदिवासी लोगों के मूलभूत अधिकारों जल, जंगल, जमीन को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व में शांति कायम हो की थीम पर यह दिवस मनाया जायेगा। यह दिवस उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करता है जो वनवासी लोग पर्यावरण संरक्षण, आजादी, महा आंदोलनों, जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था। ग्रह पर कुल मानव आबादी का लगभग 47 करोड़ हिस्सा आदिवासी लोगों का है। इसके अलावा, दुनिया में 100 से अधिक गैर-संपर्क जनजातियाँ हैं। दुनिया में बोली जाने वाली 7000 भाषाओं में से 4000 भाषाएँ आदिवासी लोगों द्वारा बोली जाती हैं। आदिवासी लोग प्रकृति की पूजा करते हैं, प्रकृति में जीते है, जल, जंगल एवं जमीन से जुड़े इन लोगों ने प्रकृति एवं पर्यावरण को संरक्षित कर रखा है। आदिवासी महिलाएं आदिवासी समुदाय की रीढ़ है, वे पारंपरिक पैतृक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की देखभाल और वैज्ञानिक ज्ञान के रखवाले के रूप में उनकी एक अभिन्न सामूहिक और सामुदायिक भूमिका है। दुनिया भर में रहने वाले 47 करोड़ आदिवासी और जनजाति समुदायों के सामने जंगलों को कटना और उनकी पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती है। वे धरती पर जैव विविधता वाले 80 प्रतिशत इलाके के संरक्षक हैं लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोभ, हथियारबंद विवाद और पर्यावरण संरक्षण संस्थानों की वजह से बहुत से समुदायों की आजीविका एवं अस्तित्व खतरे में हैं, ग्लोबल वॉमिंग का असर हालात को और खराब कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार आदिवासी जनजातियां 90 देशों में फैली हैं, 5,000 अलग अलग संस्कृतियां और 4,000 विभिन्न भाषाएं, इस बहुलता के बावजूद उन्होंने अनेक संघर्ष झेले हैं और आज भी दुनिया में आदिवासी समुदाय खतरे में हैं।

भारत सहित दुनिया की आदिवासी महिलाएं हिंसा, यौन शोषण एवं अपराध की शिकार है। मणिपुर में 19 जुलाई, 2023 को दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने एवं पश्चिम बंगाल के मालदा में भीड़ ने दो आदिवासी महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। आदिवासी महिलाओं के साथ होने वाली ऐसी घटनाएं देश-विदेश के सभ्य समाजों को झकझोर दिया है। इस वर्ष का 'विश्व आदिवासी दिवस' भारत के लिये विशेष महत्वपूर्ण है। क्योंकि भारत की नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वनवासी समुदाय से जुड़ी होने के साथ-साथ एक महिला है, उन्होंने प्रकृति एवं पर्यावरण के संकटों को करीब से देखा है, यह भारत की विकराल होती समस्या है, जिसका गहराना जीवन को अंधेरा में धकेलना है, अतः वे इस समस्या के दर्द को गहराई से महसूस करती है, तभी उन्होंने कहा कि मेरा तो जन्म उस जनजातीय परंपरा में हुआ है जिसने हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन को आगे बढ़ाया है। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। भारत भी इसी समृद्धता का देश है, लेकिन इनकी समृद्धता की उपेक्षा के कारण अनेक समस्याएं विकास की बड़ी बाधा बनती जा रही है। संभव है कि द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में प्रकृति एवं पर्यावरण की समस्या के साथ-साथ आदिवासी महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा। आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्मपरिवर्तन की है। गुजरात के आदिवासी क्षेत्र में सुखी परिवार फाउण्डेशन का संचालन आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में वर्ष 2005 से करते हुए हम शिक्षा, सेवा, जनकल्याण की अनेक गतिविधियों को आकार दे रहे हैं, वहां मैंने आदिवासी समस्याओं को बहुत करीब से देखा हैं, उनमें सबसे बड़ी समस्या धर्म परिवर्तन एवं महिलाओं एवं बालिकाओं का लापता होना है। प्रलोभनों एवं साम्प्रदायिक ताकतों के कारण कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। एशिया में विशेषकर भारत के आदिवासी भी इस मानसिकता की ओर तेजी से बढ़ रहे है, ईसाई मिश्नरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यही से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गये वे वनावासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गये वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है। स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महान- आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया। ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डा. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुगार्वाती, शहीद बीरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है।

**मणिपुर में 19 जुलाई, 2023 को दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने एवं पश्चिम बंगाल के मालदा में भीड़ ने दो आदिवासी महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की*

*जब* चंद्रगुप्त की मां को यह सब पता चला तो वह बड़ी दुखी हुई। अब तक तो वह अपने बेटे को देख कर ही संतोष कर लिया करती थी। परंतु वह अब उसकी आंखों से भी ओझल हो रहा था। किसी तरह उस बेचारी ने अपना मन मार लिया और चंद्रगुप्त शिकारी के साथ चला गया। शिकारी भी अच्छा धनवान था। काफी संपत्ति और पशुधन था उसके पास। शिकारी ने उसे पिता का प्यार दिया। जिसके परिणाम स्वरूप वह स्वयं को और भी सुखी तथा निश्चिंत अनुभव करने लगा। शिकारी के साथ रहकर चंद्रगुप्त कई गुण और शस्त्र विद्या सीख गया। कुछ बड़ा होने पर वह भी अपने नये पिता के मवेशी चराने लगा। साथ में दूसरे ग्वालबाल भी होते। ढोर तो इधर-उधर चरते रहते और चंद्रगुप्त अपने साथियों के साथ तरह-तरह के खेल खेला करता। कभी राजा-प्रजा का, कभी चोर-सिपाही का। अच्छे डीलडौल और वय में भी बड़ा होने के कारण इन खेलों में मुख्य पात्र तथा निर्णायक चंद्रगुप्त को ही बनाया जाता था। एक दिन की बात है ग्वालबाल साथियों के साथ वह राजा-प्रजा का खेल खेल रहा था। पास से ही गांव की ओर एक सड़क जाती थी। उस सड़क पर से निकला एक क्षीणकाय दुर्बल ब्राह्मण। बालकों को राजा-प्रजा का खेल खेलते देख कौतूहल वश वह वहीं रुक गया। मनोरंजन की दृष्टि से वह राजा बने चंद्रगुप्त के पास पहुंचा और नाटकीय निवेदन किया–''महाराज, मैं गरीब और अनाथ ब्राह्मण हूं।'' ''हां, हां! बोलो क्या चाहिए''–राजा बने चंद्रगुप्त ने कहा। ''कुछ गायें मिल जाए तो बड़ी मेहरबानी हो''–उस ब्राह्मण ने कहा। ''ले जाओ''–पास चर रही गायों की ओर इशारा करते हुए चंद्रगुप्त ने कहा–''जतनी चाहिए ले जाओ।'' ''इनका मालिक मुझे पकड़ कर मारेगा''–ब्राह्मण ने और भी रस लेते हुए कहा।

*(क्रमशः)*

# गायब नहीं होती हैं भट्ठी में झोंक दी जाती हैं लड़कियां



योगेश कुमार सोनी

*हाल* ही में संसद में महिलाओं और बच्चियों के गायब होने का आंकड़ा पेश किया गया। वह काफी चौंकाने वाला है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के इस आंकड़े के अनुसार देश में 2019 और 2021 के बीच 18 साल से अधिक उम्र की 1061648 महिलाएं और उससे कम उम्र की 251430 लड़कियां लापता हो गईं। इस अवधि में गायब होने वाली कुल महिलाओं और लड़कियों का आंकड़ा 13.13 लाख से अधिक है। सबसे अधिक लगभग दो लाख महिलाएं और लड़कियां मध्य प्रदेश से गायब हुईं। पश्चिम बंगाल लगभग 192000 के आंकड़े के साथ दूसरे नंबर पर है। वर्गीकरण किया जाय तो मध्य प्रदेश से 2019 और 2021 के बीच 160180 महिलाएं और 38234 लड़कियां और पश्चिम बंगाल से कुल 156905 महिलाएं और 36606 लड़कियां लापता हुईं। महाराष्ट्र में इस अवधि में 178400 महिलाएं और 13033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा से 70222 महिलाएं और 16649 लड़कियां, छत्तीसगढ़ से 49116 महिलाएं और 10817 लड़कियां गायब हुईं। केंद्रशासित प्रदेशों की बात करें तो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति काफी खराब है। केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के लापता होने की संख्या दिल्ली में दर्ज की गई है। सरकार की नाक के नीचे दिल्ली में भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां गायब हो रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2019 और 2021 के बीच 61054 महिलाएं और 22919 लड़कियां गायब हुईं। इसी अवधि में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से 8617 महिलाएं और 1148 लड़कियां लापता हो गईं। महिला सुरक्षा और बेटी बचाने के नारों के बीच यह स्थिति चिंताजनक है। इनको न तो जमीन निगलती है न ही आसमान खा जाता है। हम इसे ऊपरी तौर पर समझने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं हो पायेंगे। सच यह है कि देश के कुछ राज्यों से लड़कियों को वेश्यावृति के लिए महानगरों और अन्य दूसरे राज्यों के लिए लाया जाता है। इनमें पश्चिम बंगाल, असम और मध्य प्रदेश के अलावा भी दो-तीन राज्य और हैं। कहानी यह है कि दलाल घरवालों से लड़कियों का काम दिलवाने के नाम पर ले जाते हैं और उन्हें जिंदा गोश्त की मंडी में बेंच देते हैं। आंकड़ों की बात करें तो वेश्यावृत्ति के आरोप में पकड़े जाने वाली अधिकतर लड़कियां बंगाल की मिलती हैं। यह कारोबार अरबों रुपये का है। गरीब, लाचार व मजबूर परिवारों पर दलालों की निगाहें बनी रहती है। जिस घर में कोई कमाने वाला न हो उनको पैसों का लालच दिया जाता है। पिछले दिनों दिल्ली में सेक्स रैकेट में पकड़ी जाने वाली जितनी महिलाएं थीं उन सभी के पति शराबी थे। एक महिला ने खुलासा किया कि उसका पति पूरे दिन शराब पीता है। कोई काम नहीं करता और घर खर्च के नाम पर एक रुपया भी नहीं देता तो ऐसे में वह क्या करे। महिला ने यह भी बताया कि वह पढ़ी-लिखी नहीं है तो उसे कोई काम भी नहीं मिलता। इसके अलावा जो आंकड़े हैं उनमें तमाम लड़कियां लव-जिहाद की शिकार बनीं। वह घर से बिना बताए चली गईं। इस मामले में पहले तो घरवाले गुमशुदगी की एफआईआर करा देते हैं लेकिन कुछ दिनों बाद उनको शादी से संबंधित दस्तावेज कूरियर कर दिया जाता है। अब तीसरे एंगल पर बात करें तो देश के दबंग, गरीबों को अधिक ब्याज पर पैसा देते हैं। जब वह लोग पैसा चुका नहीं पाते तो उनकी घर की बहन-बेटियों को उठा लेते हैं। देश के कई राज्यों में यह दस्तूर है। यह आंकड़े सरकारों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हैं।

**महाराष्ट्र में इस अवधि में 178400 महिलाएं और 13033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा से 70222 महिलाएं और 16649 लड़कियां, छत्तीसगढ़ से 49116 महिलाएं और 10817 लड़कियां गायब हुईं।**

महिलाएं

## फोटो की दुनिया




## फेसबुक वॉल से




# भागीरथ प्रयास, नगरीय विकास



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

*योगी* सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी नगरों के विकास के लिए भगीरथ प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग की विभिन्न विकास योजनाओं सम्बन्धी प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया है। हाल ही में इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके अलावा उन्होंने उड्डयन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की है। वस्तुतः दोनों विभाग नगरीय क्षेत्र के व्यापक विकास से ही सम्बन्धित हैं। प्रदेश सरकार सभी नगरों के सतत एवं सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत सोलह इन्डीकेटर तय किये गये हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ सभी को इन मानकों पर बेहतर कार्य करने की योगी आदित्यनाथ ने प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा है कि विभिन्न प्रमाणपत्र बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अब तो गरीब कन्याओं की शादी व अन्य मांगलिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए नगर विकास विभाग द्वारा कल्याण मण्डपम बनवाये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना से इन्हें जोड़ा जा रहा है। इन कल्याण मण्डपम के निर्माण में विधायक निधि का भी उपयोग किया जायेगा। शहरी क्षेत्र के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जायेगा। शहरी क्षेत्र में ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए कार्यों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जायेगा। शहरों में निराश्रित और लावारिस पशुओं का व्यवस्थित पुनर्वास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश उड्डयन क्षेत्र में नई पहचान बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में छह साल बेमिसाल हैं। अनेक योजनाए प्रगति पर हैं। योगी आदित्यनाथ ने नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय में योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दिव्य और भव्य कुम्भ से पूर्व प्रयागराज एयरपोर्ट की क्षमता व नागरिक सुविधाओं में विस्तार किया जाय। प्रदेश में हेलीकॉप्टर की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गोरखपुर एयरपोर्ट का त्रिपक्षीय सर्वे जुलाई में पूर्ण हो चुका है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। प्रदेश में तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, सत्रह हवाई पट्टियां हैं। आठ हवाई पट्टियां भारतीय वायु सेना के अंतर्गत हैं। जनपद श्रावस्ती, आजमगढ़, चित्रकूट, अलीगढ़ में राज्य सरकार द्वारा कराये जा रहे सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। छह साल में प्रदेश में हवाई माध्यम से माल ढुलाई में चार गुना वृद्धि हुई है। एयर ट्रैफिक में करीब दोगुनी वृद्धि हुई। हवाई उड़ानों के साथ-साथ यात्रियों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। नगर विकास के क्रम में मंत्रिमंडल ने अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना दिव्य है। यहां चालीस मेगावॉट की सोलर विद्युत उत्पादन परियोजना स्थापित की जाएगी। सरयू नदी के निकट चिह्नित भूमि पर इस सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना हेतु एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. को नामित किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना की स्थापना हो जाने से प्रतिवर्ष सस्ती दर पर सत्तर मिलियन यूनिट से अधिक हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिसे अयोध्या की मांग की पूर्ति के लिए ग्रिड में फीड किया जायेगा। प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं/जैव ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। निवेशकों को शासकीय भूमि उपलब्ध कराने में सुगमता के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

**आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत सोलह इन्डीकेटर तय किये गये हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ सभी को इन मानकों पर बेहतर कार्य करने की योगी आदित्यनाथ ने प्रेरणा दी है।**

नगर विकास

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# जिले में याद किए गए शहीद निर्मल महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व युवा नेता विराट महतो ने मंगलवार को रांची जेल मोड़ पहुंचकर वीर शहीद निर्मल महतो के शाहदत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि निर्मल महतो एक अच्छे संगठनकर्ता थे, उनमें अनंत आत्म विश्वास था। वे किसी भी गलत आचरण के खिलाफ आवाज उठाने से डरते नहीं थे। वे आजीवन गरीबों के लिए लड़े, गरीब किसानों और मजदूरों के लिए, लड़े झारखंडियों का आत्म विश्वास और आत्म सम्मान प्रदान करने के लिए आखिरी दम तक लड़े। वे शहीद हुए। मगर अपने जीवन में न कभी प्रलोभित हुए और न ही किसी तरह का कोई समझौता किया। शोषित, पीड़ितों एवं गरीबों के साथी निर्मल महतो का एक ही सपना था कि अपना अलग झारखण्ड प्रान्त हो, ताकि झारखण्ड क्षेत्र में रहने वाले लोगों को शोषण, उत्पीड़न, अत्याचार और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाई जा सके। ये उनके अथक प्रयास का ही परिणाम था कि 15 नवंबर को झारखंड अलग राज्य बना। झारखंड के मसीहा वीर शहीद निर्मल महतो को शहीद का दर्जा दिया। निर्मल महतो के शहीद दिवस पर 8 अगस्त को राजकीय शोक दिवस के रूप में राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। वीर शहीद निर्मल महतो की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। मंगलेश ने कहा निर्मल महतो के व्यक्तित्व विचारों और उनके द्वारा स्थापित परंपराओं की प्रासंगिकता आज भी है। उन्होंने कहा कि निर्मल महतो सच्चे अर्थों में जननेता थे वो झारखंड आंदोलन के प्रणोता थे। हमें उनके सपनों को साकार करना है ।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने मनाया गया शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस



**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड के पंचायत भवन में मंगलवार को आजसू प्रखंड कमेटी की ओर से झारखंड आंदोलन के अगुवा शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया. कार्यकताओं ने शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य पंकज साहा ने शहीद निर्मल महतो की जीवनी पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि शहीद निर्मल महतो अलग झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे. 22 जून 1986 को आजसू का गठन किया गया. उस समय जेएमएम के तत्कालीन केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल महतो थे. झारखंड आंदोलन को गति देने के लिए छात्रों को जोड़ा गया. वह जानते थे कि जबतक आंदोलन में छात्रों को नहीं जोड़ेंगे, आंदोलन सफल नहीं होगा. उन्हीं की सोच और विचार से आजसू का गठन किया गया. इसलिए उन्हें आजसू का संस्थापक भी कहा जाता है. प्रखंड अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो के बलिदान की बदौलत ही झारखंड का निर्माण हुआ. उनके बताए रास्ते पर चल कर ही झारखंड प्रदेश का नव निर्माण हो सकेगा. इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य पंकज साहा, प्रखंड अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, प्रखंड सचिव मोहन कुमार, अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोहर साव, प्रमोद कुशवाहा, महेंद्र महतो, विकास कुमार, वासुदेव महतो, फुलेश्वर महतो, मो. कासिम, बलराज भुइयां, गोविंद पासवान, दिलावर अंसारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## बिजुलिया तालाब रोड की जर्जर, चलना दूभर



**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया तालाब रोड से रोजाना हजारों की संख्या में लोग आवागमन करते हैं । लेकिन रोड की जर्जर स्थिति के कारण वहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पूर्व वार्ड पार्षद सह अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि बिजुलिया तालाब रोड में श्री रानी सती मंदिर, श्री चित्रगुप्त मंदिर, गायत्री मंदिर, रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज सहित कई प्रमुख संस्थान स्थित हैं। जहां प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में लोग आते जाते हैं। उन्होंने बताया की उस क्षेत्र में आवागन के लिए लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। लेकिन मार्ग के जर्जर होने और जहां तहां कीचड़ जमे होने से आवागमन में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री सिन्हा ने मांग किया है कि लोगों की परेशानी को दूर करने के लिए छावनी परिषद को इस पर ध्यान देते हुए मार्ग को शीघ्र दुरूस्त करवाना चाहिए।

## बंडासिंगा में मुखिया और युवा नेता गौतम ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा गांव स्थित रविदास टोला में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी और युवा नेता गौतम कुमार ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने बताया की विगत कई दिनों से रविदास टोला में ट्रांसफार्मर जल गया था। विभाग को कई बार सूचना करने के बाद भी लोगों को ट्रांसफार्मर नहीं मिल पा रहा था। जिसके बाद युवा नेता गौतम कुमार को इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने मामले को तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क कर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। जिससे ग्रामीणों में काफी हर्ष है। वही ग्रामीणों ने गौतम कुमार तथा मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया ।मौके पर बबलू पांडेय, अर्जुन नायक, राजकुमार मोदी, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो की सुर्खियों में जर्जर पोल के सहारे ट्रांसफार्मर रहने के बाद मंगलवार को इससे लोगों को निजात मिली।

## सरकार गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**बरही।** चौपारण कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव और डॉ तौफीक आलम की क्लीनिक पर गोली चलाने की जिम्मेदारी लेने वाले सरकार गिरोह के दो सदस्यों विश्वजीत कुडू और हसीन सरदार को पुलिस ने पश्चिम बंगाल ने धर दबोचा है. इस संबंध में जानकारी देते हुए चौपारण थाना प्रभारी ने बताया कि एक जुलाई को चौपारण थाना अंतर्गत डोमाडाडी नावाडीह में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव के आवास के बाहर अज्ञात अपराधियों ने रात में गोली-बारी की घटना को अंजाम दिया था. घटना के एक दिन पहले एक मोबाइल नंबर से एक व्यक्ति ने घटना की जिम्मेदारी सरकार गिरोह की ओर से लिए जाने संबंधी फोन किया था. पुनः 20 जुलाई को महाराजगंज चौक के पास डॉ तौफिक के घर के बाहर खड़ी कार पर अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर सरकार गिरोह नाम का एक पोस्टर छोड़ दिया था.

# सेंटेंस स्कूल के छात्रों ने कराटे प्रतियोगिता में लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सेंटेंस स्कूल कैथा के छात्रों ने सीआईएससीई जोनल कराटे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया है। प्रतियोगिता में रांची, रामगढ़ एवं हजारीबाग के 8 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता कार्मेल स्कूल हजारीबाग में आयोजित हुई। जिसमें रामगढ़ सेंटेंस स्कूल कैथा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप कर कब्जा जमाया । इसमें सात स्वर्ण पदक ईशा उमंग, वर्षा रानी ,अभिनव कुमार, अक्षित शौर्य भारद्वाज, ईशान सलूजा, तेजस दीप सिंह, पारथ अध्ययन त्रिपाठी ने प्राप्त किया। कांस्य पदक यशस्वी कुमारी, शालिनी श्री ने प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर एनी पॉल ने कराटे कोच शशि पांडे ,खेल शिक्षक श्याम कनेड़ी एवं अख्तर आलम और प्रतिभागियो को हार्दिक बधाई दी है। मंगलवार को विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इसमें कराटे चैंपियन में ट्रॉफी और मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों के अभिभावकों को बुलाया गया और विद्यालय परिसर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अभिभावकों में ईशा उमंग के पिता डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ,माता कुमारी प्रतिमा सहित कई अभिभावक भी उपस्थित हुए और सफलता के लिए छात्र छात्राओं को बधाई दी विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर एनी पॉल कहा की निश्चित ही बच्चों की प्रतिभा आने वाले दिन में और निखारेगी और वे बड़ी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

## गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ प्रदूषण बोर्ड की बैठक

**बरही ।** जियाड़ा स्थित फैक्ट्रियों से उत्पन्न प्रदूषण को लेकर प्रदूषण बोर्ड रांची की ओर से कोनरा तुरी टोला में बैठक किया गया. जिसमे मुख्य रूप से एसडीओ पूनम कुजूर, प्रदूषण बर्ड के अशोक कुमार, प्रमुख मनोज रजक, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, सुनील साहू, स्थानीय पंसस मो यूसुफ, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान अंसारी सहित रियाड़ा मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पी के गर्ग, श्रेष्ठ के रवि प्रसाद आदि मौजूद थे. गहमा गहमी के बीच प्रारंभ हुए बैठक में उपस्थित लोगो ने बैठक स्थल का विरोध किया. लोगो का कहना था कि बैठक सार्वजनिक सूचना के साथ फैक्ट्री क्षेत्र में किया जाना चाहिए. एसडीओ के आते ही मामला शांत हुआ. एसडीओ ने भी लोगो से जनसमस्याओं को रखने की बात कही. उन्होंने भी कंपनी प्रबंधन से जनमुद्दो को प्राथमिकता के साथ निपटाने की बात कही. प्रमुख मनोज रजक ने फैक्ट्री संचालक को स्थानीय लोगो से तालमेल, पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण, सड़को या फैक्ट्री क्षेत्र में जल छिड़काव हेतु तिलैया डैम के पानी का उपयोग करने की बात कही.

## फाइलेरिया से बचाव के लिए मुखिया और डीलरों को किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** असैनिक शल्य चिकित्सक सह चिकित्सा पदाधिकारी के पत्रांक 292 के आलोक में प्रखंड मुख्यालय के सभागार में एमडीए 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु मुखिया और डीलरों की प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई। पर्यवेक्षक वीबीडी रुपलाल कुमार के द्वारा उपस्थित मुखिया और डीलरों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक जानलेवा बीमारी है। साथ ही लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। मौके पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिन्टू रजक, एमपीडब्ल्यू दिपेश कुमार, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, डीलर संघ अध्यक्ष जागेश्वर यादव, बालेश्वर ठाकुर, सहदेव यादव, राहुल गुप्ता, बीरेंद्र रजक, रामेश्वर महतो, रघुवीर प्रसाद, महादेव यादव, लीलधारी प्रसाद, बसंत नारायण मेहता, नीलम कुमारी , शंकर प्रसाद वर्णवाल, विजय यादव, छोटेलाल पासवान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बेहतर कार्य करनेवाली बरही पूर्वी पश्चिमी क्लस्टर के सहिया दीदी हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बेहतर कार्य करने वाली बरही पूर्वी पश्चिमी क्लस्टर के सहिया दीदी को मेडल देकर सम्मानित किया. यह मेडल वर्ष 2021- 22 के लिए चयनित गोल्डेन, सिल्वर और ब्रॉन्ज सहिया के बीच वितरित किया गया. जानकारी के अनुसार प्रत्येक सहीया को 14 विभिन्न निदेशकों पर कार्य करना है. इसमें 90 फीसदी अंक लाने वाले गोल्डेन, 80 से 89 फीसदी वाले सिल्वर और 70 से 80 फीसदी वाले ब्रॉन्ज श्रेणी में रखे जाते है. इससे नीचे वाले का कार्य संतोषजनक नहीं माना जाता है. ऐसे में सहिया के ऊपर स्पष्टीकरण किए जाते है. डीएस ज्ञानी ने बाराटांड़ की सहिया अनीता देवी और मालती देवी को गोल्डन सहिया के रूप ने सम्मानित किया. सहिया साथी निशी देवी ने बताया कि उनके क्लस्टर से 2 गोल्डेन,10 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज के लिए चयनित हुए है. सभी गोल्डन सहिया को 1000, सिल्वर को 500 और ब्रॉन्ज को 250 रु एक वर्ष तक मिलेगे. कार्यक्रम में बीपीएम नारायण राम, एचएम सुधांशु सिन्हा, सेवानवृत विनय कुमार सिन्हा आदि कई लोग मौजूद थे.

# प्रशिक्षुओं ने ली देश सेवा की शपथ, लगाए पौधे



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में एनएसएस इकाई की ओर से मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसके तहत प्रशिक्षुओं ने देश सेवा की शपथ ली. प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव के नेतृत्व में देश को प्रगति पथ पर ले जाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा करने का पीएम का सपना साकार करने का संकल्प लिया गया. वहीं अशिक्षा, बेरोजगारी, अंधविश्वास समेत अन्य कुरीतियों को त्याग लोगों को जागरूक करने, शिष्टाचार, संस्कार और भाइचारगी को बढ़ावा देने में अपना योगदान देने की बात कही. साथ ही गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने का नारा भी बुलंद किया गया. इसके साथ ही कॉलेज कैंपस में चिह्नित स्थलों पर बनाई गई अमृत वाटिका में करीब 82 पौधे लगाकर अपनी माटी अपना देश के संदेश को सार्थक किया गया. वहीं देश की आजादी में प्राण न्योछावर करनेवाले वीर महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का संस्मरण भी किया गया.

### अमृत वाटिका में 82 पौधे लगाये गये

इससे पहले बहुद्देश्यीय सभागार में आयोजित ध्यान शिविर में दूसरे दिन मुख्य योग प्रशिक्षक एनटीपीसी बड़कागांव के डीजीएम राजेंद्र प्रसाद, सहायक प्रशिक्षक भोलानाथ बख्शी, राजेंद्र प्रसाद अखौरी और पवन प्रसाद ने प्रशिक्षुओं ने अनुलोम विलोम, कपाल भाति, सूर्य ध्यान समेत कई व्यायाम कराए. साथ ही योग से निरोग रहने के उपाय बताए गए. मौके पर सहायक प्राध्यापिका डॉ बसुंधरा कुमारी, महेश प्रसाद आदि मौजूद थे.

**एनएचएआई बेखबर**

# आए दिन सड़क हादसे में मवेशियों की हो रही है मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** झारखंड की हृदयस्थली बरही चौक पर पशुओं के जमावड़े से स्थानीय लोग सहित वाहन चालक और राहगीर परेशान है. आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है. बाबजूद पशुपालक अपने पशुओं को चौबीस घंटे सड़को पर छोड़ देते है. प्रशासन भी तंग आ चुकी है. इसी अज्ञात पशुओं में से सोमवार को चार गाय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. इसमें दो पटना रोड पर और दो बरही चौक की घटना है.

**क्या कहते है पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति :** संबंधित मामले में पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति छोटन ठाकुर ने बताया कि कुछ पशुपालक मवेशियों से सिर्फ लाभ लेना जानते है. मवेशियों को खुल्लेआम सड़को पर मरने के लिए छोड़ देना बेहद शर्मनाक घटना है. उन्होंने बताया कि कई बार ऐसा देखा गया है कि जब मवेशी बच्चा देते है, या किसी भी प्रकार का मुआवजा मिलता है तो वैसे पशुपालक सबसे पहले आकर लाभ लेते है. इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है.

**16 अगस्त से मवेशियों को किया जायेगा जब्त:** पूर्व मुखिया ने यह भी बताया कि सड़कों पर विचरण करने वाले मालिकविहीन पशुओं के खिलाफ 16 अगस्त से विशेष अभियान चलाए जायेंगे. ऐसे सभी पशु जो सड़क पर विचरित करते मिलेंगे उसे जब्त किया जाएगा. इसके लिए एसडीओ से अनुमति ली जायेगी. नही है कोई कानी हाउस विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि इन मालिकविहीन पशुओं के लिए बरही में कोई कानी हाउस नही है. अंचलाधिकारी से कई बार आग्रह किया गया है, परंतु अब तक कोई व्यवस्था नही हुई है. आए दिन इन बेजुवान पशुओं की मौत से हम सभी त्रस्त है. एनएचएआई भी लापरवाह है. पशुओं की मृत्यु के बाद एनएचएआई को हटाना चाहिए परंतु ऐसा नही होता है. हम सामाजिक लोगो की सहायता से इसे हटाने का काम किया जाता है.

**स्थानीय प्रशासन सहित एनएचएआई भी है जिम्मेवार:** विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप ने बताया कि इस लचर व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन सहित एनएचएआई भी जिम्मेवार है. आए दिन बेजुबान जानवरों का दुर्घटना में मौत किसी भी कोण से उचित नही है. विडंबना यह है कि लाभ की स्थिति में पशुपालक दावा ठोक लाभ लेकर चले जाते है अन्यथा पता भी नही चलता है. ऐसे लोगो को चिंहित कर कारवाई करनी चाहिए. इसके साथ उन्होंने प्रशासन से यह भी मांग किया कि सड़को पर विचरण करने वाले पशुओं को जब्त कर गौरक्षणी भेजा जाए या नीलाम कर दिया जाए. मामले के संबंध में सीओ से संपर्क किया गया परंतु बात नही होने से उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है.

**दी जानकारी** | **बीआरसी बरकट्ठा में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन**

# 'विभागीय कार्यों को तय समय के अंदर पूरा करें'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में मंगलवार को मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन बीईईओ किशोर कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में तमाम विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रतिनिधि शिक्षक, बी पी एम, बीआर पी, सीआरपी, एफएलएन प्रशिक्षक, लेखापाल ,रिसॉर्स शिक्षक समेत अन्य शामिल हुए। बैठक में प्रशिक्षक साधन कुमार ,अशोक विश्वकर्मा, छत्रु राम महतो व स्वामी रामतीर्थ सिंह के द्वारा एफएलएन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई ।एमआईएस कोऑर्डिनेटर मो आसिफ अली ने एसडीएमआईएस तथा यू डाइस से संबंधित जानकारी शिक्षकों को दी। बीआरपी ए के दीपक के द्वारा पीएम श्री योजना के संबंध में शिक्षकों को बताया गया। वहीं एमडीएम ऑपरेटर संजय प्रसाद के द्वारा कहा गया कि प्रत्येक विद्यालय के एचएम प्रतिदिन एमडीएम का एसएमएस करना सुनिश्चित करेंगे। वही बीईईओ किशोर कुमार ने पोस्ट ऑफिस में बच्चे के खाता खुलवाने की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही पाठ्य पुस्तकों का वितरण, इंस्पायर अवार्ड के तहत वर्ग सिक्स से 10 तक के बच्चों का विज्ञान शिक्षक की मदद से निबंधन कराने पर चर्चा की। बताया कि इंस्पायर अवार्ड का निबंधन हेतु अंतिम तिथि 31 अगस्त है । कहा कि सभी विभागीय कार्य को निर्धारित समय के अंदर करें तो बेहतर होगा। मौके पर बीईईओ किशोर कुमार ,बीपीएम धीरज कुमार शर्मा, शिक्षक यमुना साव, जिला संयुक्त सचिव अजप्ता के युगल ठाकुर ,छत्रु प्रसाद, यमुना बैठा, सीआरपी रामकृष्ण पांडेय, शशि भूषण सिंह, विनोद कुमार शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भारत की 28 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे नीरज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा बुडापेस्ट के हंगरी में 19 अगस्त से होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के 28 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। हैरान करने वाली बात है कि टीम की घोषणा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की जगह खेल मंत्रालय ने की। एशियाई रिकॉर्ड धारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर 19 से 27 अगस्त तक होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से हट गए हैं क्योंकि वह ग्रोइन की चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने जुलाई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। ऊंची कूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर, 800 मीटर की धावक केएम चंदा और 20 किमी पैदल चाल की खिलाड़ी प्रियंका गोस्वामी (राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक) ने भी विश्व चैंपियनशिप में नहीं खेलने का फैसला किया है और इसकी जगह ये चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों पर ध्यान लगाएंगे। गत डाइमंड लीग चैंपियन चोपड़ा की नजरें बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने पर टिकी हैं। उन्होंने अमेरिका के यूजीन में 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।

### टीम इस प्रकार है

**महिला:** ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज), शैली सिंह (लंबी कूद), अन्नु रानी (भाला फेंक) और भावना जाट (पैदल चाल)।

**पुरुष:** कृष्ण कुमार (800 मीटर), अजय कुमार सरोज (1500 मीटर), संतोष कुमार तमिलरनसन (400 मीटर बाधा दौड़), अविनाश मुकुंद साबले (3000 मीटर स्टीचलचेज), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद), जेस्विन एल्ड्रिन (लंबी कूद), एम श्रीशंकर (लंबी कूद), प्रवीण चित्रावेल (त्रिकूद), अब्दुल्ला अबूबाकर (त्रिकूद), एल्धोज पॉल (त्रिकूद), नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), डीपी मनु (भाला फेंक), किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), आकाशदीप सिंह (20 किमी पैदल चाल), विकास सिंह (20 किमी पैदल चाल), परमजीत सिंह (20 किमी पैदल चाल), राम बाबू (35 किमी पैदल चाल), अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल, मोहम्मद अनस, राजेश रमेश, अनिल राजलिंगमऔर मिजो चाको कुरियन (पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले)।

# पीसीबी ने सरफराज की पेंशन बहाल की



**एजेंसी। कराची**

पीसीबी ने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज सरफराज नवाज की पेंशन बहाल कर दी है। पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी के खिलाफ निराधार अपमानजनक बयान देने के बाद जनवरी 2017 से नवाज के सभी भुगतान निलंबित कर दिए गए थे। खिलाड़ी कल्याण नीति के तहत आचार संहिता के उल्लंघन पर पीसीबी के पिछले सेट-अप द्वारा नवाज के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही के परिणामस्वरूप अनुग्रह भुगतान बंद कर दिया गया था।

नवाज, जो पिछले साल लंदन में स्वास्थ्य खराब होने के बाद ठीक नहीं हैं, ने निलंबित अनुग्रह भुगतान को हल करने के लिए मंगलवार को लाहौर में पीसीबी प्रमुख जका अशरफ से मुलाकात की, जो पीसीबी की क्रिकेट प्रबंधन समिति के प्रमुख भी हैं। उन्होंने पीसीबी को आचार संहिता के अनुपालन का आश्वासन दिया। अशरफ ने क्रिकेट तकनीकी समिति के प्रमुख मिस्बाह उल हक और सदस्य मुहम्मद हफीज की मौजूदगी में बकाया भुगतान के लिए नवाज को एक चेक सौंपा। नवाज को यह भुगतान पीसीबी की खिलाड़ी कल्याण नीति के तहत किया गया है और पीसीबी प्रमुख ने पूर्व खिलाड़ियों को बिना शर्त समर्थन का आश्वासन दिया है। अशरफ ने कहा कि उन्होंने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज से मिलने और उनके बारे में सुनने का फैसला किया क्योंकि वह यह जानकर परेशान थे कि एक पूर्व टेस्ट क्रिकेटर की हालत खराब थी और उन्हें उनकी पेंशन से वंचित किया जा रहा था जो उनका अधिकार था। अशरफ ने कहा, यह निराशाजनक है कि पिछले प्रशासन ने व्यक्तिगत हिसाब-किताब चुकाने के लिए पीसीबी के खजाने का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा, किसी भी क्रिकेटर को उस दौर से नहीं गुजरना चाहिए जो नवाज को झेलना पड़ा, और मैं हर पूर्व और वर्तमान क्रिकेटर, अंतरराष्ट्रीय या घरेलू, को आश्वस्त करना चाहता हूं कि पीसीबी उन्हें अपनी संपत्ति मानता है और उनके जीवन के हर चरण में, हर संभव तरीके से उनकी देखभाल करेगा। वे अपने क्रिकेट बोर्ड द्वारा प्यार और सम्मान के पात्र हैं। बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नजम सेठी ने नवाज के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए मानहानि का मुकदमा दायर किया था। नवाज ने कुछ महीने पहले बोर्ड से इस मामले को खत्म करने की अपील की थी।

## आर्थर-ब्रैडबर्न को पाक टीम के साथ बनाए रखना चाहते हैं इंजमाम



**लाहौर।** पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से जुड़े विदेशी कोच मिकी आर्थर और ग्रांट ब्रैडबर्न को उनके पदों पर बनाए रखना चाहते हैं और उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से कह दिया है कि उन्हें इन दोनों के साथ काम करने में किसी तरह की परेशानी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले आर्थर को इस साल अप्रैल में टीम का निदेशक नियुक्त किया गया था जबकि ब्रैडबर्न को मई में मुख्य कोच बनाया गया था। अटकलें लगाई जा रही थी कि क्रिकेट तकनीकी समिति इन दोनों के कार्यकाल को सीमित कर सकती है।

## आज भारत-पाक के बीच होगा मुकाबला, भारतीय कप्तान ने दिया बड़ा बयान

# पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा



**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह अपनी टीम के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के स्ट्राइक रेट से खुश हैं लेकिन वह एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आसानी से पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना चाहते हैं। हरमनप्रीत ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 3-2 से जीत के बाद कहा, यह निश्चित तौर पर बेहद कड़ा मुकाबला होगा। हमें स्मार्ट हॉकी खेलनी होगी तथा अपनी वास्तविक रणनीति और जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हमें अपनी मूल संरचना पर कायम रहना होगा और मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा। उन्होंने कहा, इस मैच के लिए स्टेडियम खचाखच भरा रहेगा। रविवार को खेले गए मैच में भी स्टेडियम लगभग भरा हुआ था जो भारतीय हॉकी के लिए अच्छा संकेत है। हरमनप्रीत इस बात से खुश हैं कि टीम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने और मैदानी गोल करने का रास्ता ढूंढ लिया है लेकिन रक्षा पंक्ति में और अधिक मजबूती की दरकार है विशेषकर टीम को महत्वपूर्ण मौकों पर पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। उन्होंने कहा, हम मैदानी और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर रहे हैं और पर्याप्त समय तक गेंद पर नियंत्रण भी बना रहे हैं लेकिन हमें अपने रक्षण में अब भी काम करने की जरूरत है तथा हमें आसानी से पेनल्टी कॉर्नर नहीं देने होंगे। हमें सर्किल के अंदर गेंद पर बेहतर तरीके से नियंत्रण बनाना होगा। जहां तक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की बात है तो दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारत ने चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जिनमें से दो पर उसने गोल किए। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में निरंतरता के अभाव पर हरमनप्रीत ने कहा कि विरोधी टीमों का रक्षण मजबूत है जो कि खेल के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा, यह केवल हमारे साथ ही नहीं प्रत्येक टीम के साथ ऐसा हो रहा है। इसका मुख्य कारण यही है कि उनका रक्षण बेहतर हो गया है। अगर आप हमारी रक्षा पंक्ति पर गौर करें तो अमित रोहिदास और हरमनप्रीत सिंह बहुत अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। विरोधी टीमों के साथ भी ऐसा है जो खेल के लिए अच्छा है।

## मलेशिया ने जापान को 3-1 से हराया, नॉकआउट में बनाई जगह



**एजेंसी। चेन्नई।**

मलेशिया ने जापान पर सोमवार को राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में 3-1 की आसान जीत के साथ नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। मलेशिया के लिए नजमी जाजलान (13), हसन अजुआन (37) और सिल्वरियस शेलो (59) ने गोल किए, जबकि निवा ताकुमा (59) ने मैच के अंतिम मिनट में जापान के लिए एकमात्र गोल किया।

छह टीमों की राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में मलेशिया चार मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। जापान को लगातार दो ड्रॉ के बाद दूसरी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ 3-3 से और मेजबान भारत के खिलाफ 1-1 से ड्रा पर रहा। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरूआत एक अन्य पूर्व चैंपियन कोरिया गणराज्य से 1-2 से हार के साथ की थी।

जापान, जिसके चार मैचों में केवल दो अंक हैं, नॉकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है।

छह टीमों की लीग में मलेशिया का एक और मैच बाकी है, जिसमें वो आज अपने पांचवें मैच में कोरिया से भिड़ेगा।

# संजय सेन ने इगोर स्टिमक के अनुरोध का समर्थन किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की पुरुष फुटबॉल टीम के क्रोएशियाई मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सभी स्टेक होल्डर, खासकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने एक खास अपील की है, जिसका समर्थन अब संजय सेन ने भी किया है। इगोर स्टिमक ने क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। जिससे ब्लू टाइगर्स के पास, एएफसी एशियाई कप 2023 और 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिले। संजय सेन ने स्टिमक के प्रस्ताव को सही समय पर सही बातत्र करार देते हुए उनकी बात पर सबको गौर देने की राय दी है। 2019-20 और 2020-21 में टीम के सहायक कोच बनने से पहले, सेन 2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के तकनीकी निदेशक थे। वर्तमान में, सेन मोहन बागान के युवा विकास के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, देखिए, सवाल यह नहीं है कि क्या यह वैध अनुरोध है। ऐसा लगता है कि स्टिमक ने यह अनुरोध दो दृष्टिकोणों से किया है - पहला, हाल के दिनों में टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए। हालांकि भारत ने कई उच्च रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हराया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय टीमों की भागीदारी के साथ तीन टूर्नामेंट जीतना भारत की सफलता को दशार्ता है। दूसरी बात, एक नया प्रबंधन सत्ता में आया है। इन सभी फैक्टर को ध्यान में रखते हुए, स्टिमक ने क्लबों से यह अनुरोध किया है।

## पीएसजी ने पुर्तगाल फॉरवर्ड गोंकालो रामोस के साथ किया अनुबंध

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने पुर्तगाली क्लब बेनफिका के फारवर्ड गोंकालो रामोस को सीजन के अंत तक खरीदने के विकल्प के साथ ऋण पर अनुबंधित किया है। 22 वर्षीय, रामोस जिन्हें सोमवार देर रात पीएसजी द्वारा अनुबंधित किया गया था, ने बेनफिका के लिए 47 मैचों में 27 गोल किए हैं, जहां उन्होंने पिछले सीजन में पुर्तगाली लीग का खिताब जीता था। क्लब द्वारा जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में रामोस ने कहा, मुझे पेरिस सेंट-जर्मेन में शामिल होने पर बहुत गर्व और खुशी है। पीएसजी सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के साथ दुनिया के सबसे बड़े क्लबों में से एक है।

# भारत को तीसरे टी20 मैच में ईशान किशन को आराम देना चाहिए : वसीम जाफर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा है कि भारतीय टीम प्रबंधन को गुयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टी20 मैच में सलामी बल्लेबाज ईशान किशन को आराम देना चाहिए। 25 वर्षीय किशन को पहले दो मैचों में बड़ा स्कोर बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। पहले टी20 मैच में नौ गेंदों पर छह रन बनाने के बाद वह दूसरे मैच में 23 गेंदों पर 27 रन ही बना सके। जाफर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत में कहा, हम जानते हैं कि ईशान किशन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में संघर्ष किया है, इसलिए उन्हें ब्रेक दें। जब वह अगला मैच खेलेंगे तो वह और मजबूत होकर वापसी कर सकते हैं।" जाफर ने यह भी उल्लेख किया कि भारत को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से शुरूआत करानी चाहिए क्योंकि वह टेस्ट श्रृंखला में मजबूत प्रदर्शन कर रहे हैं। जायसवाल ने दो मैचों में 88.67 की औसत से 266 रन बनाए। जाफर ने कहा, मैं बिना किसी संदेह के यशस्वी जायसवाल को चुनूंगा क्योंकि वह निडरता लाते हैं। वह स्पिन को अच्छा खेलते हैं और तेज गेंदबाजी के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी अनुकरणीय है। वह अपने खेल के चरम पर है, आत्मविश्वास से भरपूर है, तो उन्हें टीम में शामिल करें और देखें कि आपको क्या मिलता है? उन्होंने टेस्ट में रन बनाए हैं और वह मौके की तलाश में हैं।" 45 वर्षीय जाफर ने यह भी बताया कि कप्तान हार्दिक पांड्या को टी20 में अक्षर पटेल का उपयोग करने में मुश्किल हो रहा है। पिच धीमी होने के बावजूद दूसरे टी20 मैच में अक्षर से एक भी ओवर नहीं फेंकवाया गया और जाफर को लगता है कि निकोलस पूरन और शिमरोन हेटमायर की बाएं हाथ की जोड़ी के खिलाफ हार्दिक को बाएं हाथ का स्पिनर पसंद नहीं आया होगा।

**विश्व विवि खेल** | **रिकॉर्ड 26 पदक के साथ किया अभियान का अंत**

# भारत का 11 स्वर्ण पदक पर रहा कब्जा



**एजेंसी। चेंगदू**

भारत ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में मंगलवार को यहां अपने अभियान का अंत अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 26 पदक के साथ किया जिसमें 11 स्वर्ण भी शामिल हैं। भारत 11 स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक के साथ सातवें स्थान पर रहा जो पदक तालिका में उसका सर्वश्रेष्ठ स्थान है। भारत ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों के इस सत्र में पिछले सभी खेलों से अधिक पदक जीते। विश्व विश्वविद्यालय खेल 2023 से पहले भारत ने इन खेलों में सिर्फ 21 पदक (छह स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य) जीते थे। भारत ने इस बार इन खेलों के लिए 256 खिलाड़ियों का दल भेजा था। सबसे अधिक निराश हालांकि ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने किया। ट्रैक एवं फील्ड में भारत ने अपने सबसे अधिक 82 प्रतिभागियों को उतारा था लेकिन वे सिर्फ चार कांस्य पदक जीत पाए। 21 सदस्यीय निशानेबाजी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक जीते जबकि तीरंदाजी में भारत को तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक मिले। एक कांस्य पदक जूडो में मिला। मेजबान चीन 103 स्वर्ण, 40 रजत और 35 कांस्य पदक सहित कुल 178 पदक के साथ शीर्ष पर रहा। जापान ने 21 स्वर्ण, 29 रजत और 43 कांस्य पदक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कोरिया 17 स्वर्ण, 18 रजत और 23 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग: सिंधु को दो स्थान का फायदा



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं लेकिन किदांबी श्रीकांत एक स्थान के नुकसान से 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। खराब फॉर्म से जूझ रही सिंधू को पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की बेइवेन झेंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जो बाद में चैंपियन बनीं थी। श्रीकांत को भी सिडनी में अंतिम आठ के मुकाबले में हमवतन प्रियांशु राजावत के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। ऑस्ट्रेलिया ओपन के उप विजेता एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः नौवें और 11वें स्थान पर बने हुए हैं। पिछले हफ्ते सिडनी में सुपर 500 टूर्नामेंट में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले राजावत तीन स्थान के फायदे से 28वें पायदान पर पहुंच गए हैं। मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज सात और छह स्थान के फायदे से क्रमशः 43वें और 49वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे स्थान के साथ भारतीयों के बीच शीर्ष पर है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी दो स्थान के नुकसान से 19वें स्थान पर खिसक गई है।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# सशस्त्र बलों की मजबूती के लिए लोस से पारित विधेयक राज्य सभा में पेश

## भारत के सैन्य सुधारों की दिशा में एक मील का पत्थर : रक्षा मंत्री




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा से पारित होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सशस्त्र बलों की मजबूती के लिए राज्यसभा में अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 पेश किया है। इस बिल का उद्देश्य हमारे सैन्य बलों में निहित अनुशासन की महान परंपरा को और मजबूती देना है। उन्होंने सदन को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यह बिल भारत के सैन्य सुधारों की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विधेयक पेश करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए हमारी सेनाओं को सशक्त करना बेहद आवश्यक है। बेहतर तालमेल से ही हमारी सेनाएं वांछित परिणाम हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। इसलिए सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल व एकीकृत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ही इस बिल को लाया गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि लोकसभा में पारित होने के बाद राज्यसभा में पेश किया गया अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 भी उन्हीं प्रयासों में एक अहम प्रयास है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी कोई राष्ट्र प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा होता है तो समय की मांग के अनुसार उसे अपने भीतर बदलाव करने पड़ते हैं। कानूनों के संबंध में भी यही बात पूरी तरह लागू होती है। हमारी सरकार ने देश की प्रगति में बाधा डाल रहे अनेक पुराने कानूनों को खत्म किया और जहां आवश्यकता पड़ने पर नए कानूनों को लागू भी किया है। इस बिल का उद्देश्य हमारे सैन्य बलों में निहित अनुशासन की महान परंपरा को और मजबूती देना है।

## 12 अगस्त को राहुल गांधी का वायनाड दौरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा सचिवालय द्वारा उनकी सदस्यता बहाल किए जाने के बाद पहली बार 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने एक ट्वीट में कहा, 12-13 अगस्त को राहुल गांधीजी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में होंगे। वायनाड के लोग इस बात से खुश हैं कि लोकतंत्र की जीत हुई है, उनकी आवाज संसद में लौट आई है। राहुल जी सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि उनके परिवार के सदस्य हैं। उनकी टिप्पणी लोकसभा सचिवालय द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की सदस्यता बहाल किए जाने के एक दिन बाद आई है, सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'मोदी उपनाम' टिप्पणी मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने के तीन दिन बाद। सांसद के रूप में अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्होंने पहली बार 11 अप्रैल को अपनी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा किया था।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया जेपी नड्डा के खिलाफ मामला खारिज



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य में 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले विजयनगर जिले में एक अभियान के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कथित तौर पर दिए गए भाषण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने मामले में हरपनहल्ली थाना की ओर से दायर मामले को रद्द करने के लिए श्री जेपी नड्डा की याचिका पर यह आदेश दिया। सार्वजनिक भाषण में नड्डा ने दावा किया था कि भाजपा सत्ता में आती है तो डबल इंजन सरकार कर्नाटक में केंद्र सरकार की पहलों में मदद करेगी और यदि भाजपा सत्ता में नहीं आती है तो मतदाता इसकी योजनाओं का लाभ नहीं प्राप्त कर सकेंगे। चुनाव अधिकारी ने इन टिप्पणियों को लेकर हरपनहल्ली थाना में शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के कथित उल्लंघन के लिए मामला दर्ज किया गया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### ज्ञानवापी परिसर को सील करने की मांग याचिका खारिज

**प्रयागराज (यूपी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को वाराणसी अदालत के एएसआई सर्वेक्षण आदेश को प्रभावित किए बिना पूरे ज्ञानवापी परिसर को सील करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने कानून के अनुसार उचित मंच पर जाने और जनहित याचिका में दावा की गई राहत के लिए आवेदन दायर करने की प्रार्थना की तो अदालत ने याचिका को वापस लेने दिया और खारिज कर दिया।

### मोनू मानेसर के साथ तस्वीर हुई वायरल

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने एक आरपीएस अधिकारी को भरतपुर में नासिर और जुनैद की हत्या में फरार आरोपी मोनू मानेसर के साथ उसकी तस्वीर वायरल होने के बाद पोस्टिंग ऑर्डर (एपीओ) की प्रतीक्षा में डाल दिया है। अधिकारी विपिन शर्मा को हाल ही में अतिरिक्त डीसीपी के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि आधिकारिक आदेशों में निर्णय के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन हत्या के आरोपी मोनू के साथ अधिकारी की तस्वीर को इसका कारण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि यह तस्वीर जुनैद और नासिर की हत्या से पहले की है।

### राहुल गांधी को वापस मिला 12 तुगलक लेन वाला बंगला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पूरा भारत उनका घर है। सूत्रों से खबर आई कि लोकसभा सचिवालय उनकी सदस्यता बहाल करने के एक दिन बाद उन्हें अपना आधिकारिक बंगला फिर से आवंटित कर रहा है। दरअसल, पत्रकारों ने राहुल गांधी से 12 तुगलक लेन स्थित उनके बंगले के फिर से आवंटन के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मेरा घर पूरा हिंदुस्तान है। हालांकि, बंगले के दोबारा आवंटन की आधिकारिक सूचना अभी नहीं मिली है। लेकिन सूत्रों ने बताया कि 12 तुगलक लेन वाला मकान उन्हें आवंटित कर दिया गया है। बता दें कि सूरत की एक अदालत ने 'मोदी उपनाम' टिप्पणी मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को सांसद के रूप में अयोग्य ठहराया गया था।

# राजस्थान में मनचलों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

## गहलोत सरकार का बड़ा ऐलान



**आरएनएम। नई दिल्ली**

केंद्रीय नेताओं से राय बात करके राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक नया नियम यह बनाया है । यह कि राजस्थान में लड़कियों से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने वालों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। ऐसा करने वालों के चरित्र प्रमाण पर लिखा जाएगा कि ये छेड़छाड़ में शामिल रहा है। यह जानकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट करके दी है। गहलोत ने ट्वीट कर बताया कि राज्य सरकार ने फैसला किया है कि बालिकाओं, महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास और दुष्कर्म करने वाले आरोपियों व मनचलों को सरकारी नौकरियों से प्रतिबंधित किया जाएगा। इसके लिए छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का भी पुलिस थानों में हिस्ट्रीशीटरों की तरह रिकॉर्ड रखा जाएगा। राज्य सरकार/ पुलिस की ओर से जारी किए जाने वाले इनके चरित्र प्रमाण पत्र पर यह अंकित किया जाएगा कि ये लोग छेड़छाड़ की घटनाओं में शामिल रहा है। सीएम ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों का सामाजिक बहिष्कार करना आवश्यक है।गलहोत ने पिछले दिनों ग्रामीण और शहरी ओलंपिक के उद्घाटन कार्यक्रम में मनचलों का परमानेंट इलाज करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मनचले महिलाओं और बच्चियों को परेशान करते हैं। हम इनके नाम आरपीएससी और कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजेंगे और इनका परमानेंट इलाज करेंगे। गहलोत का ये फैसला उनके इसी वादे का एक्शन प्लान हैं। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में साफ कह दिया है कि छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। इसके बाद ये सभी नाम आरपीएससी, कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजे जाएंगे। यदि कोई मनचला सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करता है तो रिकॉर्ड से मिलान के बाद उसका आवेदन रिजेक्ट कर दिया जाएगा।

# जजों को अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा करनी चाहिए : पैनल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक संसदीय समिति ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाने की सिफारिश की है। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' में कहा कि एक सामान्य प्रथा के रूप में, सभी संवैधानिक पदाधिकारियों और सरकारी सेवकों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा। सुप्रीम कोर्ट इस हद तक पहुंच गया है कि जनता को सांसद या विधायक के रूप में चुनाव में खड़े लोगों की संपत्ति जानने का अधिकार है। जब ऐसा है, तो यह तर्क गलत है कि न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति ने कहा, जो कोई भी सार्वजनिक पद पर है और सरकारी खजाने से वेतन लेता है, उसे अनिवार्य रूप से अपनी संपत्ति का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना चाहिए। केंद्र सरकार ने संसदीय पैनल को बताया कि संपत्तियों की नियमित फाइलिंग और उन्हें सार्वजनिक डोमेन में अपलोड करने के लिए तंत्र को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है।

# पीएम के प्रमुख सचिव ने जी-20 को लेकर की बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने मंगलवार को प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में भारत की जी-20 अध्यक्षता पर समन्वय समिति की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जरूरी और लॉजिस्टिक पक्षों को ध्यान में रखते हुए शिखर सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस संबंध में शेरपा (जी-20) सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) और सचिव (सूचना एवं प्रसारण) ने प्रस्तुतिकरण दिए। भारतीय अध्यक्षता की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई, जिनमें हरित विकास, सतत विकास लक्ष्यों को तेज करना, मजबूत सतत संतुलन और समावेशी वृद्धि, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, लैंगिग समानता और बहुपक्षीय संस्थानों में सुधारों को गतिशील बनाना शामिल था। शेरपा (जी-20) ने सूचित किया कि कुल 185 बैठकें आयोजित की गई है, जिनमें 13 बैठकें मंत्रिस्तरीय थीं। देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को इसके दायरे में रखा गया था। कुल 12 परिणाम दस्तावेजों के अलावा सहमति के साथ 12 योग्य प्रस्तावों को अपना लिया गया है। सचिव (डीईए) ने बताया कि वित्त मामलों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसमें क्रिप्टो संपदा एजेंडा, वित्तीय समावेश, जलवायु वित्त को कार्यशील बनाना तथा सतत विकास लक्ष्यों के लिए वित्त पोषण शामिल हैं। सचिव ने मीडिया के लिए किए जाने वाले बंदोबस्त के बारे में जानकारी दी, जैसे मीडिया सेंटर और मीडिया प्रत्यायन की व्यवस्था। अब तक शिखर सम्मेलन के लिए 3200 से अधिक मीडियाकर्मियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 1800 विदेशी और 1200 से अधिक भारतीय मीडियाकर्मी हैं। उन्होंने सूचित किया कि विदेशी और भारतीय मीडिया, दोनों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रमुख सचिव ने लॉजिस्टिक और सुरक्षा पक्षों से जुड़े पिछले निर्णयों को लागू करने के विषयों की भी समीक्षा की। दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त (दिल्ली पुलिस) सहित सुरक्षा अधिकारियों ने सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आने वाले गणमान्यों की अगवानी, यातायात प्रबंधन योजना, हवाई अड्डे और सुरक्षा इंतजाम तथा दिल्ली एनसीआर में सौन्दर्यीकरण के कामकाज के बारे में बताया।

## खास बातें — दुनिया में 10,906 पक्षी प्रजातियों की है समृद्ध विविधता

# पक्षियों की 78 प्रजातियां सिर्फ भारत में




**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय प्राणीविज्ञान सर्वेक्षण (जेडएसआई) के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि पक्षियों की 78 प्रजातियां सिर्फ भारत में पाई जाती हैं। जेडएसआई के वैज्ञानिक अमिताव मजूमदार ने बताया कि दुनिया में 10,906 पक्षी प्रजातियों की समृद्ध विविधता है। इनमें से 1,353 का घर भारत है। मजूमदार ने बताया कि इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर(आईयूसीएन) के वर्गीकरण के अनुसार, सिर्फ भारत में पाई जाने वाली पक्षियों की 78 प्रजातियों में से 25 लुप्त होने की कगार पर हैं। मजूमदार ने बताया,पक्षियों की 78 प्रजातियां केवल हमारे देश के भौगोलिक क्षेत्र में पाई जाती हैं। आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर हमने '75 एन्डेमिक बर्ड्स ऑफ इंडिया' पुस्तक में 75 ऐसी ही प्रजातियों पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने बताया कि पक्षियों की 28 प्रजातियां पश्चिमी घाट में, 25 प्रजातियां अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में, चार प्रजातियां पूर्वी हिमालय में और एक एक प्रजाति दक्षिणी दक्कन पठान तथा मध्य भारतीय वनक्षेत्र में पाई जाती है। संकटग्रस्त 25 प्रजातियों में से तीन को गंभीर रूप से लुप्तप्राय, पांच को लुप्तप्राय और 17 को संवेदनशील के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसके अलावा 11 प्रजातियां ऐसी हैं जिनका समय रहते संरक्षण न करने पर वह लुप्तप्राय की सूची में आ सकती हैं।




## 'ड्रीम गर्ल 2' का सेट रहा 'हंसी का खजाना' : आयुष्मान खुराना



बहुमुखी एक्टर आयुष्मान खुराना, जो 'ड्रीम गर्ल 2' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने इसे 'हंसी का खजाना' बताया और कहा कि फिल्म के सेट पर कभी भी कोई सुस्त पल नहीं आया। आयुष्मान के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण भूमिका थी, क्योंकि उन्हें लगातार करम और पूजा की दो भूमिकाओं के बीच स्विच करना पड़ता था। साथ यह सुनिश्चित करना था कि पंच और कॉमिक टाइमिंग सही नोट पर हो। फिल्म में अनन्या पांडे, परेश रावल, अन्नू कपूर, राजपाल यादव, विजय राज, असरानी, अभिषेक बनर्जी, मनजोत सिंह और सीमा पाहवा समेत कई कलाकार हैं। आयुष्मान ने कहा, ₹हमारे निर्देशक, राज शांडिल्य, जो कॉमेडी के सबसे प्रतिभाशाली निर्देशकों में से एक हैं, शानदार कलाकारों को एक साथ लाने में कामयाब रहे हैं, और इस कास्टिंग के लिए उन्हें बधाई।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'हड्डी' ओटीटी पर होगी रिलीज




अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर नई फिल्म के साथ दर्शकों से रूबरू होंगे। फिल्म में नवाज एक अलग लुक में नजर आएंगे। अब उनकी फिल्म 'हड्डी' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है।नवाजुद्दीन सिद्दीकी की यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। उनकी आने वाली फिल्म जी5 पर रिलीज होगी। डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म 'हड्डी' का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर को कैप्शन देते हुए उन्होंने ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इसके लिए उत्साहित हूं।

## 'पुष्पा 2' से फहाद फासिल का फर्स्ट लुक



**मुंबई।** मलयालम स्टार फहाद फासिल के जन्मदिन पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'पुष्पा : द रूल' के निमार्ताओं ने फिल्म से उनका लुक जारी किया। फिल्म के पहले पार्ट 'पुष्पा : द राइज' में, जो दिसंबर 2021 में रिलीज हुई और एक बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई, फहाद ने एक पुलिसकर्मी भंवर सिंह शेखावत की भूमिका निभाई है, जो फिल्म के दूसरे पार्ट में पुष्पा-पुष्पराज के किरदार से टकराव के लिए तैयार है। पोस्टर में एक्टर को गंजे लुक में सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है। उन्होंने लेदर जैकेट और सनग्लासेस पहना हुआ है। पोस्टर ब्लड रेड शेड के मोनोटोन कलर से भरा हुआ है। निमार्ताओं ने फहाद फासिल को शुभकामनाएं देते हुए कैप्शन में लिखा, टीम 'पुष्पा 2 : द रूल' बेहद प्रतिभाशाली फहाद फासिल को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है। भंवर सिंह शेखावत सर प्रतिशोध के साथ बड़े पर्दे पर वापस आएंगे। फहाद ने 'पुष्पा : द राइज' में अपने प्रदर्शन से दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी। अब इसके सीक्वल के साथ, पुष्पा और भंवर सिंह शेखावत के बीच महा-टकराव देखने को मिलेगा। 'पुष्पाः द राइज' को भारत में महामारी की तीसरी लहर के दौरान बॉक्स-ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए जाना जाता है।